सुविचार

हमेशा अकेले खड़े रहने का साहस कीजिए दुनिया ज्ञान देती है साथ नहीं

# दैनिक संयुक्त लहर

हिन्दी समाचार पत्र

RNI No. MPHIN/2023/90392



वर्ष : 03, अंक 235 | dainiksanyuktlaher@gmail.com | इंदौर, शुक्रवार, दिनांक 15 मई 2026 | #DSL.indore | पृष्ठ : 8 मूल्य : रु.3



ऑनलाइन अख़बार और ख़बरों के लिये बारकोड स्कैन करे


# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में जल आत्मनिर्भरता की ओर मध्यप्रदेश

## 6 हजार 201 करोड़ की लागत से 1.77 लाख जल संरक्षण कार्य पूर्ण, जल गंगा संवर्धन अभियान में 2.42 लाख कार्यों का लक्ष्य

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्यप्रदेश 'जल आत्मनिर्भरता' का एक नया इतिहास लिख रहा है। प्रदेश की जल संरचनाओं के पुनरुद्धार और नवीन जल स्त्रोतों के निर्माण के उद्देश्य से शुरू किया गया 'जल गंगा संवर्धन अभियान' अब अपने निर्णायक दौर में है। अभियान में न केवल लुप्त हो रही जल संरचनाओं को जीवनदान मिल रहा है, बल्कि वैज्ञानिक पद्धतियों से वर्षा जल के संग्रहण की क्षमता में भी ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। प्रदेश में अब तक 1 लाख 77 हजार 121 जल संरक्षण संबंधी कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है, जो राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरणीय संतुलन के लिए एक सुखद संकेत है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महात्मा गांधी नरेगा (मनरेगा) के समन्वय से संचालित इस विशाल अभियान के




लिए राज्य सरकार ने व्यापक वित्तीय प्रावधान किए हैं। पूरे प्रदेश में कुल 2 लाख 42 हजार 188 कार्यों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए 6,201.81 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में अब तक 4,443.85 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है। अभियान का मुख्य उद्देश्य 'खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में' रोकने की अवधारणा पर है, ताकि आगामी मानसून में वर्षा की हर बूंद का संचयन सुनिश्चित किया जा सके।

### सूक्ष्म स्तर पर हो रही मॉनिटरिंग

अभियान के अंतर्गत कार्यों को विभिन्न श्रेणियों में विभाजित कर सूक्ष्म स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है। विशेष रूप से 'डग वेल रिचार्ज' (सूखे कुओं का पुनर्भरण) में प्रदेश ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, जहाँ 88,123 से अधिक कुओं को रिचार्ज करने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई और पशुपालन की सुविधा के लिए 53,568 खेत तालाबों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। जल संरक्षण और पुनर्भरण की अन्य विधियों के तहत 27,332 कार्य संपन्न हुए हैं। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण को मजबूती देने के लिए वृक्षारोपण और स्कूलों में जल टैंकों की सफाई जैसे रचनात्मक कार्यों को भी इस अभियान का हिस्सा बनाया गया है। .0 (जल संचयन जल भागीदारी) पहल के तहत भी 10 लाख से अधिक कार्यों का पंजीकरण राज्य की सक्रियता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभियान की सफलता को जन-भागीदारी का परिणाम बताया है। जल संरक्षण समाज के अस्तित्व से जुड़ा विषय है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि इन स्थायी जल संरचनाओं के माध्यम से भू-जल स्तर को बढ़ाया जाए, ताकि भविष्य में पेयजल संकट का स्थायी समाधान हो सके और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो। 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के माध्यम से मध्य प्रदेश आज देश के अन्य राज्यों के लिए जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक मार्गदर्शक बनकर उभर रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिलों के प्रदर्शन की नवीनतम रैंकिंग (14 मई, 2026) के अनुसार, खंडवा जिला 7.51 के स्कोर के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। खंडवा में अब तक कुल 9,131 कार्य प्रारंभ किए गए हैं, जिनमें से 2,944 कार्य पूर्ण हो चुके हैं और 5,400 कार्यों की भौतिक पूर्णता सुनिश्चित की गई है। रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खरगोन जिला (स्कोर 7.38) है, जिसने 81.17 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक 'बुक्ड एक्सपेंडिचर' (वित्तीय प्रगति) दर्ज की है। इसके पश्चात बड़वानी 7.23 के स्कोर के साथ तीसरे, उज्जैन 7.08 के स्कोर के साथ चौथे और राजगढ़ 6.90 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर है।

## न्यूज ब्रीफ

### असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने 21.36 करोड़ की ड्रग्स जब्त की, मणिपुर के पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने कामरूप जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 21.36 करोड़ रुपए कीमत की ड्रग्स जब्त की है। इस मामले में मणिपुर के पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि मणिपुर के क्वाक्टा से एक बस के जरिए बड़ी मात्रा में ड्रग्स अमिंगांव होते हुए पड़ोसी राज्य भेजी जाएगी। जानकारी के आधार पर स्त्रस्त्र और कामरूप जिला पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर बस को रोका। तलाशी के दौरान बस में छिपाकर रखे गए 197 साबुन के डिब्बों में 2.56 किलोग्राम हेरोइन और 8 किलोग्राम अफीम बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मणिपुर निवासी अब्दुल लतीफ, मोहम्मद ताहेर अली, मोहम्मद इस्लामुद्दीन, मोहम्मद लतीप और मोहम्मद अजमेर के रूप में हुई है।

### राहुल गांधी ने बंगाल चुनाव में जीते कांग्रेस विधायकों से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में जीते कांग्रेस विधायकों के साथ बैठक की। यह मुलाकात 10 जनपथ स्थित आवास पर हुई। विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की राजनीतिक स्थिति और स्थानीय मुद्दों की जानकारी भी राहुल गांधी को दी।

### असम में 12 घुसपैठिए पकड़े गए, सीएम हिमंता बोले- अवैध घुसपैठ पर जीरो टॉलरेंस जारी रखेंगे

**नई दिल्ली।** असम पुलिस और ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत 12 अवैध घुसपैठियों को राज्य में प्रवेश करने से रोक दिया। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर घुसपैठियों की तस्वीर जारी की और लिखा- हम अवैध घुसपैठ और जबरन जनसांख्यिकीय बदलाव के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति जारी रखेंगे।

### तमिलनाडु के सीएम विजय ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारकों के लिए 2प्रतिशत डि बढ़ाने का ऐलान किया

**नई दिल्ली।** यह बढ़ोतरी जनवरी 2026 से लागू होगी।इस फैसले से राज्य सरकार पर हर साल 1,230 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा। श्चिम बंगाल के ष्ट्ररूसुवेंदु अधिकारी के फेक विवादास्पद वीडियो पोस्ट करने के पर 2 आरोपी गिरफ्तार पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले के दिन्हाटा से मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

# यूपी में आंधी-तूफान, 104 लोगों की मौत

## 80किमो पीएच की आंधी में उड़ा शख्स, राजस्थान में गर्मी का रेड अलर्ट

**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना।** देश में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज-अयोध्या समेत 30 जिलों में बुधवार को आंधी-तूफान के कारण 104 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 21 मौतें प्रयागराज और 17 मौतें भदोही में हुईं। यहां 80 की रफ्तार से आंधी चली, बरेली में एक शख्स टिनशेड समेत हवा में उड़ गया। राज्य के बांदा शहर में तापमान 45.4डिग्री रहा। आज 51 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है। राजस्थान में भी तेज गर्मी और हीटवेव का असर है। बुधवार को लगातार चौथे दिन राज्य का जैसलमेर देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां 46.1डिग्री तापमान रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आज आज बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में तेज गर्मी का रेड अलर्ट है। 13 जिलों में हीटवेव की चेतावनी है। वहीं, मध्य प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में हीटवेव चल रही है, जो 18 मई तक जारी रह सकती है। बुधवार को खजुराहो में तापमान




45.4डिग्रीरहा। आज इंदौर, उज्जैन, धार और रतलाम में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट है। इन जिलों में वार्म नाइट का भी अलर्ट है। इधर, हरियाणा के अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटे में 1.1डिग्रीबढ़ोतरी हुई। राज्य के 5 शहरों में 40डिग्रीसे ज्यादा रहा, इनमें नारनौल 42.5डिग्रीरहा। राज्य में 17 मई से हीटवेव का यलो अलर्ट है। बिहार के पूर्णिया-कटिहार समेत 7 जिलों में आज तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में आज बारिश का यलो अलर्ट है। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी हीटवेव का अनुमान है। झारखंड में कुछ जगहों पर की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ आंधी चल सकती है। बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, केरल और कर्नाटक में तेज हवाओं और बिजली के साथ गरज-चमक हो सकती है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और पश्चिमी यूपी में बारिश, तेज हवाएं चल सकती हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश के साथ ओले गिर सकते है। पहाड़ी इलाकों में तेज हवाएं भी चल सकती हैं। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश के साथ बिजली गिरने का अलर्ट है। मध्य प्रदेश: आधे से ज्यादा राज्य हीटवेव की चपेट में, खजुराहो में तापमान 45डिग्रीसे ज्यादा मध्य प्रदेश में रिकॉर्ड गर्मी का दौर शुरू हो गया है। बुधवार को खजुराहो में तापमान 45.4डिग्रीरहा। मौसम केंद्र विभाग के मुताबिक अगले 4 दिन तक आधे से ज्यादा राज्य हीटवेव की चपेट में रहेगा। आज इंदौर, उज्जैन, धार और रतलाम में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तर प्रदेश: राज्य के आज 51 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट, बांदा का तापमान 45.4डिग्रीरहा उत्तर प्रदेश के 51 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। बुधवार को राज्य के बांदा में सबसे ज्यादा 45.4डिग्रीतापमान रहा। बीते 24 घंटे में 30 जिलों में आंधी-बारिश के कारण 56 लोगों की मौत हुई। कई वाहनों पर पेड़ गिरे।

# एमपी में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 3 की मौत

## 25 लोग घायल, शवों के टुकड़े 20-25 फीट दूर गिरे

**देवास।** मध्य प्रदेश के देवास जिले के टोंक कलां इलाके में गुरुवार सुबह करीब 11:30 बजे पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ। हादसे में धीरज, सनी और सुमित नाम के 3 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए हैं। मजदूर उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। ब्लास्ट इतना तेज था कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। विस्फोट में फैक्ट्री की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद प्रशासन ने फैक्ट्री को सील कर दिया। वहीं, पुलिस ने फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है। देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया- 12 घायल देवास जिला अस्पताल में भर्ती हैं, जिनकी हालत ठीक है। इन्हें कल शाम तक डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। करीब 6 लोग देवास के अमलतास अस्पताल में भर्ती हैं। हादसे के बाद सोशल मीडिया पर बीजेपी सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी और फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो



रही है। सोलंकी फैक्ट्री मालिक का मुंह मीठा करा रहे हैं। इस पर सांसद सोलंकी ने दैनिक भास्कर से कहा- वह मेरे परिचित हैं, लेकिन मेरे कार्यकर्ता नहीं हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि दो केमिकल मिलाकर बारूद बनाया जा रहा था। इसी दौरान केमिकल की मात्रा सही नहीं मिलने से ब्लास्ट हो गया। लोगों के अनुसार, जहां विस्फोट हुआ वहां 15 से 20 मजदूर काम कर रहे थे। लंच से 15 से 20 मिनट पहले फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ। लोगों ने बताया कि कर्मचारियों का खाना आ चुका था, लेकिन हादसे के बाद लोग खाना छोड़कर जान बचाने के लिए भागे। घटना के बाद ग्रामीणों ने कमिश्नर का घेराव कर आरोप लगाया कि अवैध फैक्ट्री के खिलाफ पहले कोई कार्रवाई नहीं हुई। फैक्ट्री में करीब 400 से 500 लोग काम करते हैं। पुरुष मजदूरों को 400 रुपए और महिला मजदूरों को 250 रुपए मजदूरी दी जाती थी। भुगतान हर हफ्ते किया जाता था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुख जताया।

# चारधाम यात्रा में 25 दिनों में 40 श्रद्धालुओं की मौत : केदारनाथ में सबसे ज्यादा 22 की जान गई

**देहरादून।** चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार रिकॉर्ड बना रही है। 19 अप्रैल से शुरू हुई यात्रा में 13 मई तक 12 लाख 64 हजार 217 श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। लेकिन



दूसरी ओर यात्रा के दौरान मौतों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की 14 मई सुबह 10 बजे जारी रिपोर्ट के अनुसार अब तक चारधाम यात्रा में 40 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। सबसे ज्यादा 22 मौतें केदारनाथ धाम में दर्ज की गई हैं। वहीं बद्रीनाथ में 7, यमुनोत्री में 6 और गंगोत्री में 5 श्रद्धालुओं की जान गई है। सरकार लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और मेडिकल तैयारियों का दावा कर रही है, लेकिन लगातार बढ़ते मौत के आंकड़े यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य चुनौतियों और हाई एल्टीट्यूड से जुड़ी परेशानियों की गंभीरता भी दिखा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि अधिकांश मौतें हार्ट अटैक, हाई एल्टीट्यूड सिकनेस, हाइपरटेंशन और अन्य स्वास्थ्य कारणों से हुई हैं। 20 दिन पहले केदारनाथ में गुजरात के श्रद्धालु की मौत हार्ट अटैक से हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार चारधाम यात्रा में अब तक हुई अधिकांश मौतें स्वास्थ्य खराब होने, हार्ट अटैक और हाई एल्टीट्यूड सिकनेस जैसी समस्याओं के कारण हुई हैं। यात्रा मार्ग ऊंचाई वाले क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जहां ऑक्सीजन का स्तर कम होने और लगातार चढ़ाई की वजह से बुजुर्गों और पहले से बीमार यात्रियों की तबीयत बिगड़ने के मामले सामने आ रहे हैं। चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले सरकार ने कई समीक्षा बैठकें की थीं। सभी विभागों को यात्रा शुरू होने से पहले तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए थे। सरकार का दावा है कि यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सेवाओं, डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। यात्रियों के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई थी, जिसमें बुजुर्गों, हाई ब्लड प्रेशर, शुगर और हृदय रोग से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई थी।

# जस्टिस स्वर्णकांता बोलीं-मेरे और कोर्ट के खिलाफ अपमानजनक बातें कहीं


**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में गुरुवार को दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में सीबीआई की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि वह इस मामले से जुड़े आरोपियों और अन्य लोगों के खिलाफ अवमानना (कंटेम्प्ट) की कार्रवाई करेंगी।मेरे और कोर्ट के खिलाफ कुछ आरोपियों और लोगों ने इंटरनेट पर अपमानजनक और मानहानिकारक पोस्ट की हैं। मैं इस पर चुप नहीं रह सकती। कुछ लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करूंगी। जस्टिस स्वर्णकांता दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में सुनवाई कर रही हैं। मामले में ट्रायल कोर्ट से बरी होने वाले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जज को केस से हटाने की मांग की है। केजरीवाल का आरोप है कि जस्टिस शर्मा ऋस्स्- के कार्यक्रम में 4 बार शामिल हो चुकी हैं। उनसे न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने वीडियो जारी कर



कहा था- 'शराब नीति घोटाला मामले में मैं हाईकोर्ट में न खुद पेश होऊंगा और न ही कोई मेरी तरफ से दलीलें रखेगा। हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता दोनों बच्चों को केस देते हैं। उनके बेटे को 2023 से 2025 के बीच करीब 5904 केस मिले। अगर जज के बच्चों का भविष्य सॉलिसिटर जनरल तय कर रहे हैं तो क्या जज साहिबा उनके खिलाफ फैसला सुना पाएंगी। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के नेता दुर्गेश पाठक ने जस्टिस शर्मा की कोर्ट में पेश होना बंद कर दिया है। उन्होंने न तो व्यक्तिगत रूप से और न ही वकील के जरिए अदालत में उपस्थित होने का फैसला किया। दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने शराब नीति केस से जुड़े पूर्व ष्ट्ररू अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें जज के केस से हटने की मांग की गई थी। जस्टिस स्वर्णकांता ने कहा था- मैं इस मामले से खुद को अलग नहीं करूंगी। मैं सुनवाई करूंगी।

# ममता काला कोट पहनकर कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंचीं : चुनावी हिंसा से जुड़े मामले में पैरवी की

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी एक बार फिर काला कोट पहनकर कोर्ट में दलीलें देने पहुंची। ममता गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुजॉय पाल और जस्टिस पार्थसारथी सेन के सामने पेश



हुईं। मामला हाल के राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद हुई चुनावी हिंसा से जुड़ी जनहित याचिका का था। सुनवाई के दौरान ममता ने कोर्ट को बताया कि राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। इसमें बुलडोजर एक्शन भी शामिल है। पुलिस दर्ज करने की परमिशन नहीं दे रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं पर हमले, आगजनी और हत्याओं के आरोप लगाते हुए कोर्ट से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की। इधर, सुनवाई के बाद जब ममता कोर्ट रूम से बाहर निकलीं, तो गलियारों में मौजूद वकीलों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। ये सभी ममता को देखकर बुआ चोर-भतीजे चोर के नारे लगाने लगे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने पश्चिम बंगाल बार काउंसिल को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एनरोलमेंट और वकालत के रिकॉर्ड मांगे हैं। ने एनरोलमेंट, प्रैक्टिस के निलंबन और प्रैक्टिस सर्टिफिकेट की जानकारी 2 दिन के भीतर देने को कहा है। याचिका उत्तरपारा विधानसभा क्षेत्र से हारे हुए उम्मीदवार शीर्षान्य बंद्योपाध्याय ने दायर की थी। 12 मई को दायर की गई जनहित याचिका में पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा का आरोप लगाया गया है। साथ ही दावा किया गया है कि तृणमूल कांग्रेस से जुड़े होने के कारण कई लोगों को अपने घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# मध्यप्रदेश पुलिस ने विगत 2 सप्ताह में 2 करोड़ 26लाख रुपए से अधिक के गुम हुए 1021 मोबाइल फोन खोज कर वास्तविक मालिकों को लौटाएं

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में आमजन की संपत्ति की सुरक्षा एवं गुम/चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु लगातार कार्यवाहियां की जा रहीं हैं। आधुनिक तकनीक, ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल, साइबर विश्लेषण एवं स्थानीय आसूचना के प्रभावी उपयोग से विगत दो सप्ताह में मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 1021मोबाईल फोन जिनकी कीमत लगभग 2 करोड़ 26लाख रूपए से अधिक है, नागरिको को लौटाये है। मोबाइल मालिकों ने अपने गुम हुए मोबाइल वापस मिलने पर मध्यप्रदेश पुलिस का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

**ग्वालियर**

जिले में ''तेरा तुझको अर्पण''अभियान के तहत ग्वालियर कीसाइबर सेल टीम द्वारा पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभिन्न राज्यों एवं शहरों से 571 गुम मोबाइल फोन जब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 41 लाख रूपये है। साथ ही लावारिस मिले मोबाइलों को स्वयं साइबर सेल में जमा कराने वाले जागरूक नागरिकों को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

**सतना**

पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन रिंगटोन 2.0' के तहत ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल की सहायता से 155 गुम मोबाइल फोन ट्रेस कर जब्त किए गए, जिनकी कीमत लगभग 29 लाख 31 हजार रूपये है।

**गुना**

पुलिस ने तकनीकी दक्षता एवं पोर्टल की सहायता से 64गुम मोबाइल फोन जब्त कर संबंधित धारकों को सुपुर्द किए हैं। जब्त मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख 50 हजार रूपये है।

**जबलपुर**

जिले में साइबर सेल टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 106 गुम मोबाइल फोन (लगभग 18 लाख रूपए) जब्त किए गए।

**आगर मालवा**

पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन रिंगटोन' के तहत 81 गुम मोबाइल फोन जब्त कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए गए। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत 15 लाख रूपये से अधिक है। इस दौरान नागरिकों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड एवं यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया।

**बुरहानपुर**

जिले के थाना लालबाग पुलिस ने मोबाइल शॉप में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एप्पल एवं अन्य कंपनियों के 3 मोबाइल फोन, 2 टैबलेट, 01 आईपोड एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित लगभग 3लाख 20 हजार रूपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है।

**रेलवे पुलिस**

जीआरपी की विभिन्न इकाइयों द्वारा भी मोबाइल चोरी के मामलों में प्रभावी कार्यवाही की गई। जीआरपी कटनी ने शातिर मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर 10 मोबाइल फोन सहित लगभग 3 लाख 20 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है। जीआरपी जबलपुर ने आरोपी से 67 हजार कीमत के 4 मोबाइल जप्त किए। वहीं जीआरपी-आरपीएफ उज्जैन ने मोबाइल चोरी का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए 18 मोबाइल फोन, जिनकी कीमत लगभग 1 लाख 88 हजार रूपये है, जब्त किए।

**विदिशा**

जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर 1 लाख 50 हजार रूपए कीमत के चोरी हुए 6मोबाइल फोन जब्त किए। इन समस्त कार्यवाहियों में पोर्टल, सिटीजन कॉप एप एवं साइबर सेल की तकनीकी जांच का महत्वपूर्ण योगदान रहाहै। ऑनलाइन शिकायत प्रणाली के माध्यम से अब आमजन घर बैठे ही अपनी शिकायत दर्ज कर पा रहे हैं, जिससे समय कीबचत के साथ-साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है। सी.ई.आई.आर.पोर्टल-सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) भारत सरकार दूरसंचार विभाग का पोर्टल है। की मदद से कोई भी व्यक्ति अपने चोरी अथवा गुम हुए मोबाइल का आईएमईआई नंबर ब्लांक कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसके उपरान्त पुलिस द्वारा इस पोर्टल के माध्यम से मोबाइल को आसानीसे खोजा जा सकेगा।

## गुमशुदा नाबालिक बालिका को चंद घंटो के भीतर खोजकर उनके परिजनो के सुपुर्द करने में थाना द्वारकापुरी पुलिस को मिली सफलता

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि




**इंदौर।** शहर में गुमशुदा बालक बालिकाओं के दस्तयावी हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा दिये गए है। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-4 श्री सुनिल मेहता एवं अति. पुलिस उपायुक्त जोन-04 श्री दिशेप अग्रवाल, व सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूणां श्री शिवेन्दु जोशी के नेतृत्व में गुमशुदा बालक/बालिका के दस्तयाबी के लिये थाना प्रभारी द्वारकापुरी निरी. मनीष मिश्र की एक विशेष टीम का गठन किया। दिनांक 13/05/2026 को नाबालिक बालक उम्र 15 वर्ष के गुमने कि सूचना प्राप्त होने पर थाना द्वारकापुरी अपराध क्र. 381/2026 धारा 137(2) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द किया गया। वालिका के गुमने से उनके अभिभावक अत्यधिक परेशान थे। वर्तमान परिदृश्य को दृष्टीगत रखते हुये टीम द्वारा तत्काल प्रकरण में सीसीटीव्ही फुटेज तथा मुखविर तंत्र व पूछताछ के आधार पर चंद घंटो में गुम बालिका को लाबरिया भेरू बस स्टेण्ड इन्दौर से दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में सउनि कमलेश डावर की सराहनीय भूमिका रही।

## रात्री में मकान का नकुचा तोडकर घर में रखा गोबाईल घडी, पर्स में रखे नगदी चोरी करने वाला आरोपी, पुलिस थाना द्वारकापुरी की गिरफ्त मे

### आरोपी के द्वारा रात्री से मकान का नकुचा तोडकर घर में रखा मोबाईल, घडी, पर्स में रखे नगदी कुल मधुका किमती 20,499/- रुपये बरामद

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि




**इन्दौर।** इंदौर शहर में चोरी नकबजनी आदि वारदातें पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वास प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे उक्त निर्देशों के अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त जोन-4 इन्दौर श्री सुनील मेहता, अति. पुलिस उपायुक्त जोन-4 श्री दिशेष अग्रवाल व सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग अन्नपूर्णा इन्दौर श्री शिवेन्दु जोजी के नेतृत्व में चोरी, नकबजनी के अपराधों में आरोपीयो को शीघ्र पकडने के लिये थाना प्रभारी द्वारकापुरी मनीष मिश्र को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में थाना द्वारकापुरी के दिग्विजय मल्टी में दिनांक 13/05/2026 को रात्री में अज्ञात आरोपी ने दिग्विजय मल्टी इन्दौर में एक अज्ञात बदमाश के द्वारा रात्री में मकान का नकुचा तोडकर घर में रखा मोबाईल, घडी, पर्स में रखे बगदी की घटना घटित की गई थी जिस पर फरियादी की रिपोर्ट पर थाना द्वारकापुरी में अपराध क्रमांक 341/26 धारा 305(), 331(4) बीएनएस का अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना में थाना प्रभारी द्वारकापुरी की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये सीसीटीव्ही केमरा एवं अन्य तकनीकि साक्ष्य के आधार पर आरोपी विजय उर्फ बिरजु पिता हिरालाल डावर उम्र 19 साल निवासी आई 40 दिग्विजय मल्टी अहिरवेडी इन्दौर को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा रात्री में मकान का नकुचा तोडकर घर में रखा मोबाईल, घडी, पर्स में रखे नगदी कुल मधुका किमती 20,499/- रुपये को जप्त किया गया। मोबाईल, घडी, पर्स में रखे नगदी कुल मधुका किमती 20,499/-रूपये जप्त किये गये

**सराहनीय भूमिका -**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी द्वारकापुरी निरी. मनीष मिश्र, सउनि कमलेश डावर, प्र.आर. 03 नादरसिद भंवर की ससहनीय भूमिका रही।

## मंत्री टेटवाल सार्वजनिक बस से यात्रा कर अपने कार्य क्षेत्र पर पहुँचे

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'राष्ट्र प्रथम' के आह्वान और ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण तथा सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने के संदेश से प्रेरित होकर कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सारंगपुर से पचोर तक सार्वजनिक परिवहन बस सेवा से यात्रा कर अपने कार्य क्षेत्र पर पहुँचे। मंत्री श्री टेटवाल ने कारकेड और औपचारिक प्रोटोकॉल से अलग आम नागरिकों के बीच बस में यात्रा कर पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रहित का संदेश दिया। मंत्री श्री टेटवाल ने विगत दिनों पचोर में पेट्रोल पंप पर हुई दु:खद घटना में प्रभावित परिवारों से भेंट की। उन्होंने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। मंत्री श्री टेटवाल ने परिवारों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मंत्री श्री टेटवाल ने पचोर नगर में नागरिकों से जनसंपर्क कर विभिन्न स्थानीय समस्याओं एवं विकास कार्यों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री श्री टेटवाल ने पचोर से सारंगपुर तक बस से यात्रा की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन अपनाना केवल यात्रा का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रहित से जुड़ा एक जिम्मेदार प्रयास है। इससे ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। मंत्री श्री टेटवाल ने नागरिकों से भी अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन के उपयोग की अपील करते हुए कहा कि छोटे-छोटे सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण और देशहित के बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय मानपुर का कक्षा 12 वीं सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**मानपुर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ने इस वर्ष भी कक्षा 12वीं के सीबीएसई बोर्ड का बेहतर परीक्षा परिणाम दिया है।कक्षा बारहवीं में कुल 69 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें से 68 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण हुए सभी 68 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। इनमें से पांच विद्यार्थियों ने 90प्रतिशत से भी अधिक अंक अर्जित किए हैं और 34 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन मार्क्स उत्कर्ष प्रदर्शन प्राप्त किया है। मा. युवराज कायत ने 92.2प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लक्ष्य पाटीदार ने 91.2प्रतिशत अंक प्राप्त कर वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया कुमारी आकांक्षा वर्मा ने 90.4प्रतिशत अंक प्राप्त कर कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व कक्षा दसवीं में भी विद्यालय ने शत प्रतिशत गुणात्मक परीक्षा परिणाम अर्जित किया है। विद्यालय के इस बेहतरीन परीक्षा परिणामों के लिए प्राचार्य ओमप्रकाश शर्मा,परमेश्वर भट्ट,रागिनी भट्ट, रेनु उपाध्याय सहित समस्त स्टाफ एवं समस्त पालकों ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक कुल सचिव परीक्षा-2025 का आयोजन 17 मई को

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इन्दौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक कुल सचिव परीक्षा 2025 आगामी 17 मई को आयोजित होगी। ऑफलाइन पद्धति से आयोजित यह परीक्षा रविवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रदेश के चार संभागीय मुख्यालय के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

## बंदूक की नोक पर किसन के घर लूट 80 हजार रुपए नगद, जेवर और पशु लेकर फरार हुए आरोपी



संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**मनावर।** मनावर के पास बागसुल गांव में दे रात लुट की वारदात हुई बदमाशों ने बिजली विभाग के ऑपरेटर के घर से नगदी जेवर और पशु चुरा लिए दीपक इस्के ने बताया की बीती रात करीब 2 बजे को 6 से 7 बदमाश उनके घर में घुस आए उस समय घर में दीपक उसकी मां कुसुम बाई और छोटा भाई विष्णु सो रहे थे। बदमाशो ने दीपक की मां पर बंदूक तान दी थी और उसके पहने हुए गेहने उतरवा दिए इसमें टॉप , नाक का काटा और पायल शामिल है उसके बाद अन्य बदमाशों ने अलमारी और बिस्तर पेटी में रखे 80 हजार रुपए नगर निकाल लिए यह राशि एक दिन पहले चना बेज कर जो राशी प्राप्त हुई थी। घर से दो बकरे एक बकरी और एक बैल भी ले गए उसके अलावा एक मोबाइल फोन भी चोरी हुआ है परिजनों ने बताया कि उन्होंने बदमाशों को पशुओं के साथ जाते देखा लेकिन वह भाग निकले थे। मौके पर पुलिस ने अज्ञात 6 से 7 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय सहित की धारा के तहत मामला दर्ज किया घटना के बाद फिंगर प्रिंट एक्सपोर्ट और डागी स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नशे के खिलाफ थाना द्वारिकापुरी पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, अवैध मादक पदार्थ 18 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ आरोपी रोहन राठौर गिरफ़्तार

**इंदौर।** इंदौर शहर मे अवैध मादक पदार्थ एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त महोदय श्री मयंक अवस्थी, श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय जोन 04 श्री सुनील मेहता अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महोदय जोन 04 श्री दिशेष अग्रवाल, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त अन्नापूर्णा श्री शिवेंदु जोशी व्दारा दिये गये। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में थाना द्वारिकापुरी थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्र व्दारा 01 टीम गठित कर लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय-विक्रय व इनमें संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से लगातार



आसूचना संकलन कर कार्यवाही की जा रही हैं। इसी कड़ी में थाना द्वारिकापुरी की टीम ने पिछले दिनों नशा करने वाले आरोपी पकड़े थे जिनके सोर्स के बारे करते आरोपी रोहन राठौर के पास से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर 18 ग्राम जप्त कर थाना द्वारिकापुरी पर अपराध धारा का 8/21 पंजीबद्ध कर विवेचना की रही है ।(1) रोहन राठौर पिता राजू राठौर उम्र 27 वर्ष निवासी चांदमारी ईट भट्टा आदर्श इंद्रा नगर इंदौर 1. लगभग 1,80,000 मूल्य से अधिक का 18 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर जप्त किया । जिसके संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर ड्रग्स का नशा करने का आदि है, नशे की लत पूरी करने एवं जल्दी ओर आसानी से अमीर बनने नियत से ब्राउन शुगर सप्लाई के काम को अंजाम देता था तथा आरोपी के द्वारा पूछताछ में बताया कि अवैध ड्रग्स राजस्थान से कम दाम में खरीद कर लाता था और अपने घर पर टोकन बना कर महंगे दामों में बेचता था। उक्त प्रकरण में आरोपी रोहन राठौर के कब्जे से लगभग 18 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर जप्त कर, आरोपी के विरुद्ध थाना द्वारिकापुरी में अपराध क्रमांक 386/26 धारा 8/21 एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना में लिया गया है, जिसके आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। आरोपी से अवैध मादक पदार्थों के स्त्रोत व नेटवर्क के संबंध में पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ कर संलिप्तता के आधार पर अन्य साथी आरोपियों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। निरीक्षक थाना प्रभारी द्वारिकापुरी श्री मनीष मिश्र उनि प्रेमसिंह प्रआर तनमय तोमर, अभिषेक पवार एवं , आरक्षक चंद्रवीर रावत, अर्जुन कुशवाह तथा के. सी.शर्मा की भूमिका रही।

# मातृदिवस पर विद्योत्तमा फाउंडेशन का सराहनीय आयोजन, बच्चों को दी स्वास्थ्य व सुरक्षा की सीख

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि




**इंदौर।** मातृदिवस के अवसर पर विद्योत्तमा फाउंडेशन इंदौर इकाई द्वारा बहुउद्देशीय सेवा समिति संस्था में बच्चों के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य, सुरक्षा और सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। संस्था के संस्थापक सुबोध मिश्र एवं इकाई अध्यक्ष दिनेश तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में संस्था की सामाजिक सह-सचिव एवं हेल्थ एंड वेलनेस एक्सपर्ट डॉ. पूनम विशाल ज्वैल ने बच्चों को स्वच्छता, संतुलित आहार, स्वास्थ्य संबंधी आदतों एवं जीवन कौशल की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। वहीं, संस्था की संयुक्त सचिव एवं सहज योग ध्यान केंद्र इंदौर से योग विशेषज्ञ श्रीमती शीला चंदन ने बच्चों को ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास करवाया, जिससे मानसिक संतुलन, एकाग्रता एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिल सके। मातृदिवस के विशेष अवसर पर संस्था की मातृशक्ति ने उन बच्चों के साथ समय बिताया, जिन्हें माँ का स्नेह नहीं मिल पाया है। बच्चों के साथ आत्मीय पल साझा कर उन्हें अपनापन और स्नेह का अहसास कराया गया। इस दौरान बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 'गुड टच-बैड टच' विषय पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने और किसी भी असहज स्थिति में खुलकर बात करने की सीख दी गई। कार्यक्रम में संस्था के महासचिव अखिलेश राव, साहित्यिक सचिव स्वाति सिंह राठौर, सांस्कृतिक सचिव विनीता सिंह चौहान सहित अन्य सामाजिक सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद ,खरगोन जिला खरगोन (म. प्र)

निविदा सूचना क्रमांक/30/MCK/5280/ ई टेंडर/2026 खरगोन दिनांक 27/ 04/ 2026

**- : निविदा आमंत्रण सूचना :-**

एतद् द्वारा समस्त ठेकेदार/फर्म/ एजेंसी/सप्लाय को सूचित किया जाता है कि निकाय वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निम्नलिखित सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु ऑनलाइन दरे आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेंडर न. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_504568_1 Date 02/05/2026 | शहरी पाईप लाइन मरम्मत एवं संधारण हेतु यू.पी.व्ही .सी पाईप लाईन एवं फिटिंग सामग्री सप्लाई कार्य। | वित्तीय वर्ष 2026-27 20.00 लाख | 2000/- 15000/- | 01/06/2026 05:30 PM |
| 2026_UAD_504571_1 Date 02/05/2026 | शहरी पाईप लाइन मरम्मत एवं संधारण हेतु पी.व्ही.सी पाईप लाईन एच.ड़ी.पी.ई एवं फिटिंग सामग्री सप्लाई कार्य। | वित्तीय वर्ष 2026-27 20.00 लाख | 2000/- 15000/- | |
| 2026_UAD_504572_1 Date 02/05/2026 | शहरी पाईप लाइन मरम्मत एवं संधारण हेतु सी.आई रलूज वाल एवं फिटिंग सामग्री सप्लाई कार्य। | वित्तीय वर्ष 2026-27 20.00 लाख | 2000/- 15000/- | |
| 2026_UAD_504573_1 Date 02/05/2026 | नगरीय सीमा क्षेत्रान्तर्गत स्थित हेण्डपम्पो का मरम्मत एवं संधारण हेतु फिटिंग सामग्री सप्लाई कार्य। | वित्तीय वर्ष 2026-27 15.00 लाख | 2000/- 11250/- | |
| 2026_UAD_504574_1 Date 02/05/2026 | निकाय क्षेत्रान्तर्गत स्थित निकाय स्वामित्व के ट्यूबवेल एवं कुओं हेतु विभिन्न प्रकार की नवीन मोटर पम्प क्रय किया जाना है। | वित्तीय वर्ष 2026-27 12.00 लाख | 2000/- 9000/- | |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**छाया जोशी** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खरगोन | **भोलू कर्म** उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद खरगोन | **श्रीमती दुर्गा किशोर राठौर (सभापति)** जल कार्य विभाग नगर पालिका परिषद खरगोन | **कमला कोल** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद खरगोन

# फर्जी विश्वविद्यालयों से सावधान रहें विद्यार्थी

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**भोपाल।** फर्जी विश्वविद्यालयों और अवैध शिक्षण संस्थानों के जाल से विद्यार्थियों को बचाने के लिए मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशों के तहत व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है।

## हरदा जिले की तहसील हंडिया में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना की मांग अब शासन स्तर पर आगे बढ़ गई है

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**हरदा।** हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा भेजे गए मांग पत्र पर उच्च शिक्षा विभाग ने संज्ञान लेते हुए आयुक्त, उच्च शिक्षा को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जारी कर दिए हैं। हरदा विधायक डॉ. दोगने ने दिनांक 01/04/2026 को के माध्यम से म.प्र. के मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा मंत्री एवं प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषित कर हरदा जिले की तहसील हंडिया में शासकीय महाविद्यालय शुरू किए जाने की मांग की गई थी। म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हरदा विधायक के मांग पत्र पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आयुक्त, उच्च शिक्षा भोपाल को पत्र जारी कर हरदा जिले की तहसील हंडिया में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना किए जाने के आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। विभाग द्वारा आयुक्त, उच्च शिक्षा को पत्र भेजे जाने के बाद अब हंडिया में कॉलेज स्थापना की प्रक्रिया का पहला प्रशासनिक चरण पूरा हो गया है। आयुक्त कार्यालय से अब प्रस्ताव पर परीक्षण, भूमि चयन, वित्तीय स्वीकृति और शैक्षणिक पदों के सृजन की कार्यवाही अपेक्षित है। क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों और अभिभावकों को अब शासन से अंतिम स्वीकृति का इंतजार है। विधायक डॉ. दोगने ने कहा कि वे इस मांग को स्वीकृत होने तक लगातार शासन स्तर पर उठाते रहेंगे।

# विधायक डॉ. दोगने ने वेयरहाउस संचालकों को निर्देशित किया







संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**हरदा।** हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा खंडवा रोड स्थित शुभम वेयरहाउस, अधिराज वेयरहाउस मसनगांव, सुहानी वेयरहाउस मुहालकला, श्री रामानंद एग्रो वेयरहाउस एवं अगवान वेयरहाउस छिपाबड़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसानों से चर्चा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान शुभम वेयरहाउस में हम्मालों की संख्या कम पाई गई, जिसके कारण किसानों की उपज की तुलाई एवं परिवहन कार्य में अत्यधिक विलंब हो रहा था। लंबे समय तक इंतजार करना पड़ने से किसान परेशान दिखाई दिए। इस संबंध में विधायक डॉ. दोगने द्वारा तत्काल हरदा कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर समस्या के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। विधायक डॉ. दोगने ने वेयरहाउस संचालकों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा तुलाई कार्य समय पर एवं व्यवस्थित रूप से कराया जाए। उन्होंने पर्याप्त संख्या में हम्माल एवं कर्मचारियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने, किसानों के बैठने हेतु छाया एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाए रखने तथा उपज परिवहन एवं तुलाई कार्य में अनावश्यक देरी नहीं होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की उपज खरीदी एवं भंडारण कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। किसानों को समय पर सुविधा उपलब्ध कराना शासन एवं प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस प्रबंधन को साफ-सफाई बनाए रखने, तुलाई प्रक्रिया में पारदर्शिता रखने तथा किसानों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने के भी निर्देश दिए गए।

## मुकाता क्रिकेट क्लब बना रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट का चैंपियन

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



मुकाता क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल बुधवार देर रात को स्थानीय खेल मैदान पर खेला गया जिसमें रोमांचक मुकाबले में डकाच्या क्रिकेट क्लब को 14 रनों से हराया। अहम टॉस जीतकर मुकाता ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 08 ओवरों में 03 विकेट के नुकसान पर 75 रन बनाए। बल्लेबाजी में कप्तान राजपाल सिंह चौहान और सचिन सिंह चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 32 और 28 रन बनाकर टीम के स्कोर को विनिंग टोटल तक पहुंचाया। कप्तान अंत तक नॉट आउट रहे। जवाब में डकाच्या की टीम के पहले ओवर से ही लगातार विकेट गिरते रहे और टीम अंतिम ओवर में 61 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। विजेता टीम को 21000 रुपए और ट्रॉफी साथ ही उपविजेता टीम को 11000 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड कप्तान राजपाल सिंह चौहान और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड सचिन सिंह चौहान ने हासिल किया। बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड राहुल यादव को गया। बेस्ट कैच ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड गोपाल सिंह पंवार को मिला। बेस्ट कॉमेंटेटर अवॉर्ड में हिंदी के लिए अजय शर्मा और अंग्रेजी के लिए अनुज शर्मा को चुना गया। बेस्ट अंपायरिंग का अवॉर्ड राहुल यादव और राजपाल सिंह चौहान को दिया गया। बेस्ट कैमरा मैन का अवॉर्ड यतीन सिंह पंवार को दिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में सीनियर क्रिकेटरों व कमेटी सहित गांव के वरिष्ठ जनों, युवाओं की भूमिका अहम रही। धर्मपाल सिंह पंवार ने इस क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन के लिए अपने खेत में जमीन उपलब्ध कराई समस्त ग्रामवासियों ोर टीम प्रबंधन की ओर से उनको बहुत बहुत धन्यवाद आभार।

# राजपूत समाज चेतना मंडल की कार्यकारिणी बैठक में त्रिवर्षीय चुनाव, नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं 2026-27 के प्रमुख आयोजनों की घोषणा

संयुक्त लहर, हरिहर सिंह चौहान





राजपूत समाज चेतना मंडल इन्दौर की एक महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक आज मंगलवार, 12 मई 2026 को इंदौर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्री गजराजसिंह सोलंकी ने की। बैठक का प्रारंभ समाज के सर्वांगीण उत्थान, सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता के संकल्प के साथ किया गया। वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत: बैठक में मंडल के कोषाध्यक्ष श्री चन्दरसिंह तोमर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का विस्तृत आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। आय के स्त्रोतों, व्यय की मदों और शेष निधि की जानकारी सदन के समक्ष रखी गई। सदस्यों ने लेखा-जोखा का अवलोकन कर पारदर्शिता की सराहना की और इसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। - वृहद परिचय सम्मेलन 10 जनवरी 2027: समाज के अविवाहित युवक-युवतियों के लिए 10 जनवरी 2027, रविवार को वृहद परिचय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य योग्य जीवनसाथी के चयन में परिवारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी शीघ्र साझा की जाएगी।

**नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत:**

बैठक में हाल ही में मनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया गया। सभी सदस्यों ने उनके सफल व ऊर्जावान कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त पदाधिकारी: - जिला अध्यक्ष: श्री दूले सिंह राठौड़ - प्रदेश अध्यक्ष: श्री राजेशसिंह तोमर - प्रदेश उपाध्यक्ष: श्री अनुपालसिंह चौहान - प्रदेश उपाध्यक्ष: श्री ओम भदौरिया युवा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. चैतन्यदेव सिंह सिसोदिया, अध्यक्ष श्री उदयसिंह पवार, सचिव श्री रजत सिंह भदौरिया तथा श्री महेंद्र सिंह भदौरिया (छ्स्क्) ने युवाओं को शिक्षा, रोजगार मार्गदर्शन और सामाजिक सेवा के रचनात्मक कार्यों से जोड़ने का आह्वान किया। सभी वक्ताओं ने समाज में शिक्षा, संस्कार, स्वावलंबन और एकजुटता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।


# बिजली शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विद्युत विभाग अलर्ट, तीन शिफ्टों में तैनात की टीमें


संयुक्त लहर, अमित शर्मा

**झाबुआ।** शहर में बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए विद्युत विभाग ने विशेष व्यवस्था करते हुए कर्मचारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में निर्धारित की है। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार अब उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान चौबीसों घंटे किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग समय पर कर्मचारियों की टीमें सक्रिय रहेंगी, ताकि बिजली आपूर्ति बाधित होने या अन्य तकनीकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जा सके। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि किसी भी प्रकार की बिजली संबंधी समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर 4 नंबर दबाकर के माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं। विभाग ने यह भी कहा है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद उपभोक्ता अपना नंबर अवश्य नोट करें, जिससे शिकायत के निराकरण की प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनाई जा सके। विभाग के अनुसार शहर में बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सभी टीमें लगातार निगरानी और मैदानी स्तर पर कार्य कर रही हैं। विभाग द्वारा जारी शिफ्टवार कर्मचारियों का विवरण इस प्रकार है- प्रथम शिफ्ट (रात्रि 12 बजे से प्रात: 8 बजे तक) में नरेन्द्र सिंह सिसोदिया (9993160909), राजू मेडा (9981322508) एवं प्रकाश कतीजा (8349139462) कार्यरत रहेंगे। द्वतीय शिफ्ट (प्रात: 8 बजे से शाम 4 बजे तक) में निलेश सोलंकी (9826213371), वीरेन सोलंकी (7869343344), संतोष भूरिया (6263206857) एवं दिनेश पाल (8120289118) कार्य करेंगे। द्वितीय शिफ्ट में लाइन कार्य हेतु विनय कुमार शुक्ला (8959828175), सुनील धाकिया (7898193333), कैलाश मेडा (6266350106) एवं मंगल बाथम (9165597193) की ड्यूटी लगाई गई है। तृतीय शिफ्ट (शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक) में बब्लू मेडा (9826868517), सुखराम डामोर (9589414891), महेश गणावा (8818863380) एवं मोहन डामोर (7024888892) कार्यरत रहेंगे। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि शिकायत दर्ज कराते समय नंबर अवश्य नोट करें, जिससे शिकायत के निराकरण की प्रक्रिया सुगम एवं त्वरित रूप से की जा सके।

# धार भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती की सोशल मीडिया पर बढ़ती ताकत, कांग्रेस भी हुई फॉलोवर


संयुक्त लहर, प्रतिनिधि






**धार।** राजनीति अब सिर्फ सभाओं और रैलियों तक सीमित नहीं रही, सोशल मीडिया भी जनसमर्थन का बड़ा पैमाना बन चुका है। भाजपा धार जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने फेसबुक पर ऐसा दबदबा बनाया है कि अब उनके फॉलोअर्स की चर्चा पूरे प्रदेश में होने लगी है। निलेश भारती के फेसबुक पेज पर वर्तमान में 51 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं, जो उन्हें प्रदेश के भाजपा जिलाध्यक्षों में सोशल मीडिया पर सबसे लोकप्रिय नेताओं की कतार में खड़ा करता है। खास बात यह है कि उनके पेज को अब राजनीतिक विरोधी खेमे से जुड़े लोग भी फॉलो कर रहे हैं। हाल ही में सामने आए स्क्रीनशॉट में 'जिला युवा कांग्रेस धार' का अकाउंट भी निलेश भारती को फॉलो करता दिखाई दे रहा है। राजनीतिक गलियारों में इसे लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। लोग इसे निलेश भारती की बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत जनसंपर्क का संकेत मान रहे हैं। सोशल मीडिया पर सक्रियता, जनता से सीधा संवाद और संगठनात्मक पकड़ के कारण निलेश भारती युवाओं के बीच तेजी से पहचान बना रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ समय में उनके फेसबुक पेज पर फॉलोअर्स की संख्या तेजी से बढ़ी है। फेसबुक प्रोफेशनल डैशबोर्ड के अनुसार हाल ही में सैकड़ों नए लोग उनसे जुड़े हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि आज के दौर में सोशल मीडिया पर इतनी बड़ी फॉलोइंग किसी भी नेता की लोकप्रियता और प्रभाव को दर्शाती है। भाजपा कार्यकर्ताओं में भी इसे लेकर उत्साह है और समर्थक इसे 'धार भाजपा की डिजिटल ताकत' बता रहे हैं। 'जब विरोधी भी फॉलो करने लगें, तो समझिए प्रभाव कितना बड़ा है।



दैनिक संयुक्त लहर हिंदी समाचार पत्र



# उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा देवास जिले के टोंककला के पास फटाखा फैक्ट्री में हुए अग्निकांड में घायल मरीजों से मिलने एमवाय अस्पताल एवं चोईथराम अस्पताल पहुँचे

## सभी घायलों को बेहतर उपचार के चिकित्सकों को दिए निर्देश - उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** देवास जिले में स्थित टोंककला के पास आज फटाखा फैक्ट्री में हुए दु:खद अग्निकांड में घायल मरीजों से मिलने उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा इंदौर के चोईथराम अस्पताल एवं एमवाय अस्पताल पहुँचे। यहाँ उन्होंने चिकित्सा विशेषज्ञों से घायलों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने चोईथराम अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती मरीजों से मिले और उनके स्वास्थ्य उपचार की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को ?निर्देश दिए कि सभी घायलों का उचित उपचार किया जाए। उन्हें समय पर दवाईयाँ और आवश्यक जाँच की जाए। किसी भी मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। घायल मरीजों के परिजनों से भी संवाद किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि अस्पताल में मरीजों का नि:शुल्क और बेहतर उपचार किया जा रहा है। इस मौके पर



इंदौर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, चोईथराम अस्पताल के प्रबंधन से जुड़े श्री लखवानी, देवास के ? चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य डॉक्टर्स उपस्थित रहें। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा चोईथराम अस्पताल से एमवाय अस्पताल गए। वहाँ उन्होंने बर्न यूनिट में उपचार के लिए भर्ती घायल मरीजों से मिले और उन्हें विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सभी घायलों का अस्पताल में नि:शुल्क उपचार किया जा रहा है। इस मौके पर एमवाय के अधीक्षक डॉ. अशोक यादव एवं अन्य चिकित्सक विशेषज्ञ उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा के पहुँचने के पूर्व उज्जैन संभागायुक्त श्री आशीष सिंह और उज्जैन आईजी श्री राकेश गुप्ता, इंदौर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा घायलों से मिले और चिकित्सा विशेषज्ञों से उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट घायलों से मिलने एमवाय अस्पताल पहुँचे जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एमवाय अस्पताल में घायलों से मिलने पहुँचे। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को निर्देश दिए कि घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर उज्जैन संभागायुक्त श्री आशीष सिंह, उज्जैन आईजी श्री राकेश गुप्ता, मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी एवं संबंधित चिकित्सक उपस्थित थे।

# थमने का नाम नहीं ले रहे हादसे, गेहूं तुलाई के दौरान सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बनीं जानलेवा, एक युवक की मौत, दो गंभीर घायल

संयुक्त लहर, रविन्द्र परमार

**सतवास।** नगर के डाबरी गेट स्थित गिरिराज वेयरहाउस के पास लगातार हो रहे सड़क हादसों ने एक बार फिर लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सोमवार देर रात यहां एक दर्दनाक हादसे में कांटाफोड़ निवासी पुरुषोत्तम उर्फ पप्पू वर्मा की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गेहूं तुलाई के चलते वेयरहाउस के बाहर बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़क किनारे खड़ी रहती हैं। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क संकरी हो जाती है और आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बताया जा रहा है कि देर रात कांटाफोड़ की ओर से तेज गति से आ रही एक चार पहिया वाहन



अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में वाहन सवार तीन लोगों में से पुरुषोत्तम उर्फ पप्पू वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए इंदौर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी गिरिराज वेयरहाउस के आसपास कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन



मृतक पुरुषोत्तम उर्फ पप्पू वर्मा

जिम्मेदारों द्वारा अब तक पार्किंग व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गेहूं खरीदी और तुलाई के दौरान सड़क पर लंबी कतार में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगातार दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही हैं।क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि वेयरहाउस के बाहर व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था की जाए तथा सड़क किनारे खड़े वाहनों पर नियंत्रण लगाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के दर्दनाक हादसों को रोका जा सके। इनका कहना है - मेरी पुलिस प्रशासन से बात चल रही है व्यवस्था हो जाएगी... हरिओम ठाकुर ( तहसीलदार सतवास) मैं पीडब्ल्यूडी विभाग में बात कर सांकेतिक चिन्ह और स्पीड ब्रेकर संबंधित व्हाइट पट्टी के विषय में बात करता हूं जो भी उचित होगा जनता के हित के लिए किया जाएगा ..... मुरली भंवरा (बागली विधायक) सतवास सेंटर पहले से ही था डाबरी सेंटर आ जाने के बाद ट्रैक्टर ट्रालियों की संख्या ज्यादा हो जाती है, पहले एक खेत पार्किंग व्यवस्था के लिए था किंतु व्यवस्था सुचारू रूप से चल नहीं पाई।

# टोंककला पटाखा फैक्ट्री विस्फोट: कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा, घायलों से की मुलाकात

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**देवास।** जिले के टोंककला स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बाद कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने घटना स्थल पहुंचकर हालात का जायजा लिया। इस दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि घायलों को तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल एवं अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना के कारणों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। हादसे में 3 श्रमिकों की मौत हुई है, जबकि 15 श्रमिक घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को राज्य शासन की ओर





से 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने तथा घायलों के नि:शुल्क उपचार के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने जिला अस्पताल और अमलतास अस्पताल पहुंचकर उपचाराधीन घायल श्रमिकों से मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान डॉक्टरों से घायलों के उपचार एवं स्वास्थ्य स्थिति को लेकर विस्तृत चर्चा भी की गई। प्रशासन द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# कांटाफोड़ में इंदौर विभाग समरसता प्रमुख तन्नू शर्मा का भव्य स्वागत

संयुक्त लहर, रविन्द्र परमार

**कांटाफोड़।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के इंदौर विभाग समरसता प्रमुख तन्नू शर्मा के कांटाफोड़ नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उनके आगमन की सूचना मिलते ही नगर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कांटाफोड़ बस स्टैंड पर एकत्रित हो गए और स्वागत की तैयारियों में जुट गए। नगर में प्रवेश करते ही तन्नू शर्मा का ढोल-धमाकों, पुष्प वर्षा और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों द्वारा उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। बस स्टैंड पर पहुंचे तन्नू शर्मा का फूल-मालाओं से स्वागत




कर सम्मान किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। इस अवसर पर तन्नू शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के पश्चात तन्नू शर्मा इंदौर के लिए रवाना हुए। उनके स्वागत कार्यक्रम में सोनू सिंगनाथ, योगेश बड़ गुर्जर, अनिल मौर्य, सुजॉय मंडल, मोजीराम यादव, अरविंद राजपूत, सूर्या जामुनिया, रवि मोरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नेत्रदान से जगमगाई मानवता: आधी रात को 45 किमी सफर तय कर टीम ने निभाया सेवा धर्म

संयुक्त लहर, मुकेश ठक्कर

**खरगोन।** जिले में मानवता और सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब रात्रि लगभग 2:30 बजे श्री चंद्रशेखर जैन बालसमूद की माताजी स्वर्गीय श्रीमती कुसुमबाई जैन का सफलतापूर्वक नेत्रदान संपन्न कराया गया। जब अधिकांश लोग गहरी नींद में थे, तब नेत्रदान टीम किसी जरूरतमंद की जिंदगी में उजाला लाने के उद्देश्य से सेवा कार्य में जुटी हुई थी। नेत्र संकलन टीम ने मध्य रात्रि में खरगोन से बालसमूद तक लगभग 45 किलोमीटर का सफर तय कर पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ नेत्रदान प्रक्रिया पूर्ण की।





इस कार्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.एस. चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता श्री सुधीर सराफ कसरावद तथा श्री विजय राठौड़ कसरावद का महत्वपूर्ण समन्वय प्राप्त हुआ। तकनीकी सेवा में नेत्र सहायक श्री उदय सिंह राठौर एवं श्री दीना नाथ गुप्ता, जिला चिकित्सालय खरगोन ने समर्पण भाव से अपनी जिम्मेदारी निभाई। पूरी टीम ने यह साबित किया कि मानव सेवा का कार्य समय और परिस्थितियों का मोहताज नहीं होता। यह प्रेरणादायक पहल समाज को नेत्रदान के प्रति जागरूक करने वाली है। नेत्रदान न केवल महादान है, बल्कि यह किसी अंधकारमय जीवन में नई रोशनी और उम्मीद का संचार करने का माध्यम भी बनता है। सचमुच, किसी का एक निर्णय किसी अन्य व्यक्ति की पूरी दुनिया रोशन कर सकता है।

# मनोरमागंज ईस्ट जोन के मध्यप्रदेश इन्दौर विद्युत मण्डल की आगामी मानसून को लेकर विशेष तैयारियां

संयुक्त लहर, नितिन चंदेल

**इंदौर।** मध्यप्रदेश इन्दौर विद्युत मण्डल के मनोरमागंज ईस्ट जोन की सराहनीय पहल सामने आई है मानसून में बदलाव और तेज हवाओं के कारण कई पेड़ गिर जाते है कई बार तो बिजली के तारों पर पेड़ गिर जाते है जिससे घंटों लाईट बंद रहती है मनोरमागंज ईस्ट जोन ने इसे देखते हुए बिजली के तारों के पास से झाड़ और पेड़ की डगाल काटने का काम किया जिससे मानसून बदलाव के कारण कोई जनहानि और दुर्घटना ना हो आम जनता ने मनोरमागंज ईस्ट जोन के विद्युत विभाग की टीम के कार्य का सराहा और धन्यवाद दिया।






# स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले आयुक्त कर रहे हैं वार्डों का सतत निरीक्षण

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**देवास।** 14 मई 2026, आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। गुरुवार को वार्ड 21 एवं 22 का औचक निरीक्षण किया और साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नालों के ऊपर जहां जालियां नहीं हैं वहां नई जालियां लगाने और टूटी-फूटी जालियों में तत्काल सुधार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने वार्ड में स्थित उद्यान का भी निरीक्षण किया। आयुक्त ने कहा कि शहर में स्वच्छता व सुंदरता बनाए रखने के लिए अधिकांश बैकलेनों को साफ कर फर्शीकरण या सीसी का कार्य कराया जा रहा है साथ ही दीवारों पर सुंदर चित्र एवं स्वच्छता





स्लोगन निगम द्वारा बनवाए जा रहे हैं ताकि गंदगी न हो और सुंदरता बनी रहे। उद्यानों के आसपास की दीवारों पर भी चित्रों की पेंटिंग कराई जा रही है। आयुक्त ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्रों में खुले प्लॉटों की सफाई में रहवासियों द्वारा निगम की टीम को सहयोग मिल रहा है। बैकलेनों में सफाई के दौरान की गई रंगाई एवं लिखे गए स्वच्छता स्लोगन का भी आयुक्त ने अवलोकन किया। आयुक्त ने अन्य वार्डों में छोटी बैकलेनों की नालियों की निरंतर सफाई करने, उद्यानों में कम्पोस्ट पीट का उपयोग करने तथा सर्वेक्षण की तैयारियों में शेष बचे सिविल कार्यों को तत्काल पूरा कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कचरा संग्रहण वाहनों की डेंटिंग-पेंटिंग और वाहनों में लगी 4 बिन की जानकारी भी अधिकारियों से ली। आयुक्त ने शासकीय-अशासकीय स्कूलों में डस्टबीन का उपयोग, शौचालय-मूत्रालय की साफ-सफाई चेक करने को कहा। स्ट्रीट वेंडरों, चाट चौपाटियों, रेस्टोरेंट एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर डस्टबीन के उपयोग की मॉनिटरिंग के निर्देश स्वच्छता निरीक्षकों को दिए गए हैं।

# मंदाना करीमी ने 16 साल बाद भारत छोड़ा : बोलीं- अब यहां घर जैसा नहीं लगता; पहले कहा था इंडिया ने मुझे धोखा दिया



बिग बॉस 9' और 'लॉकअप' फेम एक्ट्रेस मंदाना करीमी ने आखिरकार भारत छोड़ दिया है। 16 साल तक हिंदुस्तान में रहने के बाद उन्होंने एक इमोशनल वीडियो शेयर कर देश को अलविदा कहा। मंदाना ने भारत को अपना 'दूसरा घर' बताया था, लेकिन पिछले कुछ समय से वे अपनी सुरक्षा और बेबाक बयानी की वजह से लगातार विवादों और सुर्खियों में बनी हुई थीं। एयरपोर्ट से शेयर किया इमोशनल वीडियो मंदाना ने इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन के दौरान फैंस को यह खबर दी। एक फैन ने उनसे पूछा था कि क्या उन्होंने मुंबई हमेशा के लिए छोड़ दिया है इसके जवाब में मंदाना ने एयरपोर्ट से एक वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा, 'मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं ऐसा कह पाऊंगी, लेकिन अलविदा भारत। यह मुश्किल होने वाला है। लगभग 16 साल यहां बिताने के बाद मैं अपने दूसरे घर को पीछे छोड़ रही हूं। अब एक नई शुरुआत की ओर बढ़ रही हूं, नया देश, नया घर, सब कुछ नया।' पहले कहा था भारत ने मुझे धोखा दिया एक्ट्रेस ने भारत छोड़ने की मुख्य वजह अपनी सुरक्षा को बताया है। इससे पहले बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में मंदाना ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा, पिछले दो महीनों में मुझे मुंबई में बहुत अकेलापन महसूस हुआ। ईरान के हक में बोलने और विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेने की वजह से मैंने अपने कई पुराने दोस्त खो दिए। मुझे महसूस हो रहा है कि भारत ने एक तरह से मुझे धोखा दिया है। उन्होंने यह भी साफ किया कि वे ईरान भी वापस नहीं जा सकतीं, क्योंकि वहां उन पर 10 साल पहले ही बैन लगा दिया गया था। खामेनेई की मौत पर जश्न और विवाद मंदाना करीमी पिछले दिनों तब चर्चा में आई थीं, जब उन्होंने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर खुशी जताई थी। उन्होंने दावा किया था कि खामेनेई ने ईरान के लोगों पर बहुत अत्याचार किए हैं। मंदाना ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें अपने एक्टिविज्म के लिए भारत में किसी का सपोर्ट नहीं मिला। मंदाना करीमी का जन्म तेहरान में हुआ था। वह 2010 में पहली बार मॉडलिंग के लिए भारत आई थीं और 2013 से मुंबई में ही बस गईं। उन्होंने 'क्या कूल हैं हम 3', 'मैं और चार्ल्स' और 'भाग जॉनी' जैसी फिल्मों में काम किया।

# सोनू निगम फैन से बोले-पिटने वाले काम क्यों करते हो

सिंगर सोनू निगम कोल्हापुर में एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान अचानक एक फैन स्टेज पर चढ़ गया। वह स्टेज पर सिंगर के पैर छूने की कोशिश करने लगा। इस घटना से सोनू निगम काफी असहज नजर आए। उन्होंने अब सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो शेयर करते हुए दर्शकों को चेतावनी दी है। कोल्हापुर में बीच शो में सुरक्षा चूक सोनू निगम पिछले हफ्ते कोल्हापुर में परफॉर्म कर रहे थे। वे अपने एक हिट गाने में मगन थे, तभी सफेद टी-शर्ट पहने एक युवक अचानक सिक्योरिटी घेरा तोड़कर स्टेज पर पहुंच गया। सोनू ने जैसे ही उसे अपनी तरफ आते देखा, वे गाना छोड़कर पीछे हट गए। फैन ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लेने की कोशिश की। इस वजह से शो को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। ऐसा करने के बजाय फैन को थमाया माइक जब सिक्योरिटी



टीम उस युवक को स्टेज से हटाने के लिए आई, तो सोनू ने उसे डांटने के बजाय शांत तरीके से हैंडल किया। उन्होंने उस फैन को अपना माइक थमा दिया और उसे गाने का मौका दिया। फैन ने 'दबंग' फिल्म का गाना 'चोरी किया रे जिया' की कुछ लाइनें गाईं। गाना खत्म करने के बाद उसने कहा, 'कोल्हापुर लव्स यू।' हालांकि, सोनू निगम इस पूरी स्थिति से काफी परेशान और असहज दिखे। सोशल मीडिया पर दर्शकों को दी चेतावनी कंसर्ट के एक दिन बाद सोनू निगम ने इस घटना का वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'क्यों पिटने वाले काम करते हो ऑडियंस इस बार तो बचा लिया, हर बार नहीं बचा पाऊंगा।' उन्होंने तंज कसते हुए वीडियो में फैन की हरकत पर 'वाह, शाबाश!' भी कहा। लाइव शो में बढ़ रही हैं ऐसी घटनाएं कलाकारों के साथ लाइव शो के दौरान बदतमीजी या सुरक्षा में चूक की घटनाएं पिछले कुछ महीनों में बढ़ी हैं। हाल ही में दिल्ली में 'धुरंधर' सिंगर जैस्मीन सैंडलस के साथ भी एक फैन ने स्टेज पर गलत व्यवहार किया था। इसके अलावा आतिफ असलम और सुनंदा शर्मा जैसे मशहूर सिंगर्स को भी कंसर्ट के दौरान ऐसी ही स्थितियों का सामना करना पड़ा है।

# 100 करोड़ क्लब की तरफ 'राजा शिवाजी' के कदम




फिल्म 'भूत बंगला' और 'राजा शिवाजी' सिनेमाघरों में लगी हुई हैं। आज बुधवार को इन दोनों फिल्मों ने कैसा कलेक्शन किया है अक्षय कुमार अभिनीत हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' की रिलीज को आज 27 दिन पूरे हो गए हैं। इस फिल्म ने 150 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। इसके अलावा रितेश देशमुख और जेनेलिया की फिल्म 'राजा शिवाजी' भी मजबूत स्थिति में है। दोनों फिल्मों को दर्शकों से कैसा रेस्पॉन्स मिल रहा है रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' मराठी और हिंदी भाषा में सिनेमाघरों में लगी हुई है। इस फिल्म का निर्देशन भी रितेश देशमुख ने किया है। साथ ही मुख्य भूमिका भी निभाई है। 'राजा शिवाजी' ने आज बुधवार को भी अच्छा प्रदर्शन किया है। फिल्म ने आज 13वें दिन 1.51 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 74.66 करोड़ रुपये हो चुका है। यह फिल्म 100 करोड़ क्लब में एंट्री लेने की तरफ बढ़ रही है। फिल्म ने हिंदी भाषा में टोटल 21.74 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। वहीं, मराठी भाषा में 52.9 करोड़ रुपये कमाए हैं। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी फिल्म 'भूत बंगला' अब थिएटर्स में एक महीना पूरा करने वाली है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 200 करोड़ क्लब की तरफ बढ़ रही है। हालांकि, वर्ल्डवाइड इसने 200 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। बीते दिन मंगलवार को 'भूत बंगला' ने 1.70 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं, आज 27वें दिन (बुधवार को) कमाई में गिरावट आई है। आज इसने 94 लाख रुपये कमाए हैं। फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 162.74 करोड़ रुपये हो गया है। वर्ल्डवाइड फिल्म की कमाई 245.09 करोड़ रुपये हो गई है।

# पूजा हेगड़े ने 'है जवानी तो इश्क होना है' का बीटीएस वीडियो किया शेयर



पूजा हेगड़े ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है। फिल्म के सेट से वरुण और पूजा की मस्ती भरा यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री पूजा हेगड़े और वरुण धवन फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में नजर आएंगे। इस फिल्म की रिलीज से पहले पूजा ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म के सेट से एक मस्ती भरा बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस का दिल जीत लिया है। पूजा ने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो 'है जवानी तो इश्क होना है' के गाने 'तेरा हो जाऊ' के शूट के दौरान का है। इस गाने के शूट के दौरान वरुण और पूजा ने जमकर मस्ती की, जिसकी झलक इस वीडियो में साफ दिखाई दे रही है। पूजा ने आज 13 मई को इंस्टाग्राम पर 'है जवानी तो इश्क होना है' का एक खास वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो के साथ पूजा ने कैप्शन में लिखा, 'मौसम बेहद ठंडा था, लेकिन माहौल बेहद खुशनुमा था।' फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' को डेविड ने निर्देशित किया है। यह एक आगामी भारतीय हिंदी कॉमेडी-रोमांटिक फिल्म है।

# कान में सबसे महंगी ड्रेस पहने नजर आई उर्वशी एक्ट्रेस के लुक की कीमत जानकर रह जाएंगे हैरान




कान फिल्म फेस्टिवल 2026 का आगाज हो चुका है। इसके साथ ही रेड कारपेट पर वॉक करने वाले सेलिब्रिटीज के लुक्स ने भी सोशल मीडिया पर धमाल मचाना शुरू कर दिया है। उर्वशी रौतेला का क्रिस्टल लुक भी फैशन जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है। अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कारपेट पर वॉक की। उन्होंने अपने लुक और आउटफिट से फैंस के कायल बनाया। अब उनके आउटफिट और लुक की चर्चा हो रही है। बताया जा रहा है कि वो कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कारपेट पर अब तक की सबसे महंगे आउटफिट पहनकर उतरी हैं। जानें उर्वशी के इस आउटफिट में क्या खास था कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में सेलेब्स ने अपने-अपने अंदाज में जलवा बिखेरा। भारतीय अभिनेत्री उर्वशी रौतेला के लुक ने भी सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। फैशन इंडस्ट्री में यह लुक खूब सुर्खियां बटोर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह लुक एक्ट्रेस को करीब 155.87 मिलियन डॉलर यानी करीब 1 हजार 491 करोड़ का पड़ा। इसे कान फिल्म फेस्टिवल का सबसे महंगा आउटफिट और लुक माना जा रहा है। उर्वशी का यह लुक वियतनाम स्थित फैशन हाउस जोलीपोली कॉउचर ने तैयार किया है। इस फैशन हाउस को मुख्य रूप से अपनी कल्पना शैली, क्रिस्टल के काम और रेड कार्पेट पर फैशन प्रैजेंस के लिए जाना जाता है। इस ड्रेस को डिजाइन करने का कारण हीरे जैसा लुक देना था। एक्ट्रेस की इस ड्रेस में कई क्रिस्टल लगे हुए थे। इनको इस तरह से डिजाइन किया गया है कि जब इन पर रोशनी पड़े तो वो हीरों की चमक की तरह दिखाई दें। इसके साथ ही इसमें एक क्राउन भी है। जो एक्ट्रेस को रॉयल लुक दे रहा था। इस क्राउन में भी काफी क्रिस्टल डिटेलिंग की गई थी। 79वां कान फेल्टिवल 12 मई से फ्रांस के कान शहर में शुरू हो चुका है। इस समारोह में भाग लेने दुनियाभर से सेलेब्स फ्रांस पहुंच रहे हैं। भारत से भी आलिया भट्ट, उर्वशी रौतेला, कल्याणी प्रियदर्शनी, तारा सुतारिया और हुमा कुरैशी भी इस इवेंट में हिस्सा लेने पहुंचे हैं।

# कान के रेड कारपेट पर उतरीं सलमान की रूमर्ड गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर, समारोह में प्रदर्शित होगी 'इकोज ऑफ अस'



यूलिया वंतूर ने आज कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। दरअसल, यूलिया और दीपक तिजोरी अपनी फिल्म 'इकोज ऑफ अस' की स्क्रीनिंग के लिए कान फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए हैं। सोमवार को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है। उद्घाटन समारोह प्रतिष्ठित ग्रैंड थिएटर ल्यूमियर में हुआ। भारत की तरफ से आलिया भट्ट सबसे पहले पहुंचीं, जिनकी मौजूदगी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रही। आज सलमान की रूमर्ड गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर ने भी रेड कार्पेट पर शिरकत की है, जिसके कई वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। कान 2026 में यूलिया अपनी फिल्म 'इकोज ऑफ अस' की स्क्रीनिंग के लिए आई हैं। कान में दीपक तिजोरी भी रेड कार्पेट पर यूलिया के साथ नजर आए। इस फिल्म में उनके साथ दीपक तिजोरी भी हैं। यूलिया ने इंस्टाग्राम पर कान 2026 से अपना लुक शेयर किया है। इसके साथ ही यूलिया ने कैप्शन में लिखा, 'दुनिया के सबसे बड़े फिल्म समारोहों में से एक, कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन पर जादुई शाम।' यूलिया ने आगे लिखा, 'कान में आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारी फिल्म 'इकोज ऑफ अस' को दिखाने का मौका मिला, जिसका सफर कमाल का रहा।' यूलिया ने आगे लिखा, ''इकोज ऑफ अस' की पूरी टीम के साथ रेड कार्पेट पर होना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं बहुत आभारी हूं।' यूलिया वंतूर के लुक की बात करें तो उन्होंने कान फिल्म फेस्टिवल 2026 के के रेड कार्पेट पर हल्के आसमानी रंग की स्टाइलिश गाउन कैरी की है। यूलिया ने इस गाउन के साथ यूलिया ने स्टोन सेट कैरी किया है। यूलिया ने अपने लुक को साइड हेयर के साथ इनहैंस किया है।

# मोहन कपूर ने 'धुरंधर' पर साधा निशाना, बोले माधवन के किरदार में कोई सच्चाई नहीं



रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म 'धुरंधर' को जहां दर्शकों ने खासा प्यार दिया था, वहीं कई लोगों ने इसकी आलोचना भी की। इस बीच अभिनेता मोहन कपूर ने फिल्म को लेकर अपनी राय दी है। आदित्य धर की 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' दोनों को ही दर्शकों ने काफी पसंद किया था। मगर इतनी तारीफ के बाद भी कई सेलेब्स ने फिल्म की आलोचना की। अभिनेता मोहन कपूर ने भी फिल्म को लेकर अपनी राय दी है। मोहन कपूर ने 'धुरंधर' की सफलता और दर्शकों के इसे पसंद करने पर कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वह फिल्म को मिल रही प्रशंसा से पूरी तरह से सहमत नहीं हैं। अपने फिल्म देखने के अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि फिल्म की स्क्रिप्ट काफी अच्छी तरह से लिखी गई है। इसके साथ ही इसकी स्टोरी टेलिंग भी काफी बेहतरीन है। सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'मैंने फिल्म का दूसरा भाग रिलीज होने से दो हफ्ते पहले अकेले थिएटर में देखा था। यह पहली बार था जब मैंने कोई फिल्म अकेले देखी थी, और जब मैं थिएटर से निकला, तो सच कहूं तो मुझे समझ नहीं आया कि हर कोई इसकी इतनी तारीफ क्यों कर रहा था।' आगे अपने इंटरव्यू में मोहन कपूर ने कहा, ''धुरंधर' की कहानी बहुत समझदारी से लिखी गई है। इसकी कहानी देखकर लगता है कि यह सच है। मगर कहीं भी कहानी में सच्चाई होने का दावा नहीं किया जाता। यही वजह है कि इसे सराहना के साथ आलोचना का भी सामना करना पड़ रहा है। असलियत में हुई घटनाओं से प्रेरित होकर कहानी अच्छी तरह से बुनी गई है। ताकि सबको लगे कि पूरी तरह असली है।' इसके आगे मोहन ने कहा, 'पहले ही सीन से, जिस क्षण आप आर माधवन को देखते हैं, आपको पता चल जाता है कि इसकी मूल सोच ही गलत है, क्योंकि जिस किरदार को वे दिखा रहे हैं या जिसका संकेत दे रहे हैं, वह कभी अस्तित्व में ही नहीं था।' देश ही नहीं, धुरंधर-2 ने विदेशी सिनेमाघरों में भी काफी कमाई की है। इसका वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी शानदार रहा। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने दुनियाभर में 1779.02 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। इसके साथ ही फिल्म ने 56वें दिन तक भारत में लगभग 1,143,94 करोड़ का कलेक्शन किया है।

# जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर रिलीज हो सकती है 'एनटीआरनील' की पहली झलक

अभिनेता जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर खूब चर्चा में हैं। अस्थाई तौर पर इसका टाइटल 'एनटीआरनील' है। दर्शकों को जल्द ही इसकी पहली झलक देखने को मिल सकती है। अभिनेता जूनियर एनटीआर अपनी अगली फिल्म को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। फिल्म में वे निर्माता प्रशांत नील के साथ काम कर रहे हैं। फिलहाल इसका टाइटल सामने नहीं आया है। अस्थाई तौर पर इसे 'एनटीआरनील' कहा जा रहा है। उम्मीद है कि 20 मई को अभिनेता के जन्मदिन के अवसर पर दर्शकों को सरप्राइज मिल जाए और फिल्म की पहली झलक सामने आए। 'एनटीआरनील' बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट्स में शामिल है। मेकर्स 19 मई की आधी रात फिल्म की पहली झलक जारी करने वाले हैं। इसी के साथ इंडस्ट्री में इसकी अवधि को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि यह लॉन्च एसेट 3 मिनट से ज्यादा लंबा हो सकता है। इंडिपेंडेंट ट्रेड चर्चा के मुताबिक, पहली झलक को किसी मोशन पोस्टर या सामान्य टीजर की तरह नहीं, बल्कि की दुनिया से रूबरू कराने वाले बड़े वीडियो के रूप में तैयार किया जा रहा है। यह टीजर दरअसल, एक किस्म का इंट्रोडक्शन वीडियो हो सकता है। अगर चल रही अटकलें सही साबित होती हैं, तो पहली झलक का इतना लंबा रनटाइम इस बात का संकेत हो सकता है कि टीम दर्शकों के लिए कुछ शानदार पेश करने वाली है। सूत्रों के मुताबिक, फिल्मी गलियारों में चर्चा बढ़ रही है कि फिल्म की पहली झलक करीब तीन मिनट से ज्यादा लंबी हो सकती है। अगर यह सही निकला, तो साफ है कि मेकर्स एक रूटीन अनाउंसमेंट एसेट की जगह डिटेल्ड वर्ल्ड-बिल्डिंग लॉन्च की तैयारी कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स भी अलग-अलग रिएक्शन दे रहे हैं। कोई हैरानी जता रहा है तो कोई उत्साहित है। जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर 'एनटीआरनील' की पहली झलक की चर्चा के साथ ही अभिनेता के बर्थडे सेलिब्रेशन को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि यह झलक 19 मई की आधी रात को आ सकती है। बता दें कि एनटीआर और प्रशांत नील पहली बार साथ आ रहे हैं। ऐसे में उम्मीदें भी बहुते हैं। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित इस फिल्म को मैत्री मूवी मेकर्स और एनटीआर आर्ट्स प्रोड्यूस कर रहे हैं।

## सम्पादकीय

### इन 'अंडरडॉग' खिलाड़ियों के बारे में जानकर आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी

अगले महीने दुनिया में हजारों फैन्स इतिहास का सबसे महंगा वर्ल्ड कप देखने अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको पहुंचेंगे। पुरस्कृत किताब सीरीज 'अनबिलीवेबल फुटबॉल' के चर्चित ब्रिटिश लेखक मैट ओल्डफील्ड का मानना है कि यदि आप फुटबॉल फैन हैं तो फीफा वर्ल्ड कप-2026 में आपको कई अविश्वसनीय 'अंडरडॉग' खिलाड़ी नजर आ सकते हैं। उनकी अंडरडॉग्स सूची में ये नाम शामिल हैं : 1. फ्रैंको मस्तांतुओनो, अर्जेंटीना, : उन्होंने 16 की उम्र में क्लब डेब्यू किया और एक साल बाद अर्जेंटीना के सबसे युवा सीनियर इंटरनेशनल खिलाड़ी बन गए। 18 की उम्र में वह अर्जेंटीना की मशहूर '10' नंबर टी-शर्ट पहन चुके हैं। पहले यह टी-शर्ट माराडोना पहनते थे, फिर मेसी और अब मस्तांतुओनो। 2. एस्तेवाओ, ब्राजील 18 वर्षीय एस्तेवाओ नेमार के बाद ब्राजील के सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। 11 मैचों में इंटरनेशनल गोल कर चुके एस्तेवाओ और ज्यादा सफल हो सकते हैं। उनका शानदार सांबा फुटवर्क रोमांचित करेगा। 3. लेनार्ट कार्ल, जर्मनी: 17 साल के कार्ल ने अभी जर्मनी के लिए सीनियर डेब्यू नहीं किया है। लेकिन बायर्न म्यूनिख के लिए उनकी फॉर्म देखकर लगता है कि निश्चित ही वे जर्मनी के वर्ल्ड कप स्क्वाड में होंगे। 4. गिल्बर्टो मोरा, मैक्सिको ये 16 वर्षीय खिलाड़ी 'वंडर किड' है। 2025 में मैक्सिको के लिए डेब्यू किया और सिर्फ तीन मैचों में मिडफील्डर लामिन यमाल का रिकॉर्ड तोड़कर सीनियर इंटरनेशनल ट्रॉफी जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। 5. जोहान मंजाम्बी, स्विट्जरलैंड 20 साल का ये खिलाड़ी डिफेंस से अटैक तक कहीं भी खेल सकता है। उन्होंने पिछले साल जून में सीनियर इंटरनेशनल डेब्यू किया और तीन गोल कर चुके हैं। 6. जोएल ओर्डोनेज, इक्वाडोर : क्वालिफाइंग में जब इक्वाडोर अर्जेंटीना के बाद दूसरे स्थान पर रहा तो 22 साल के ओर्डोनेज ने सबको चौंका दिया।

# मा. मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन की मंशा अनुसार जलगंगा संधर्वन अभियान अन्तर्गत नगर निगम द्वारा वर्षा जल संचयन एवं भूजल पुनर्भरण अभियान के तहत किये जा रहे सकारात्मक कार्य

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि




**उज्जैन।** पृथ्वी पर जल सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक है, इसीलिए जीवन के लिए जल संरक्षण अपरिहार्य है। वर्तमान समय में घटते भूजल स्तर, अनियमित वर्षा, बढ़ते शहरीकरण तथा जल संकट की चुनौतियों को देखते यह अनमोल संसाधन संरक्षित रहे इसके लिये मा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी मध्यप्रदेश शासन दृढसंकल्पित है मा. मुख्यमंत्री की संकल्पना अनुसार मध्यमप्रदेश शासन द्वारा द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जन सहयोग से जल स्त्रोतों (नदियों, तालाबों, बावड़ियों) का संरक्षण, जीर्णोद्धार, साफ-सफाई और पौधारोपण करना है, मा. मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जलगंगा संर्वधन अभियान अन्तर्गत नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर वर्षा जल संचयन एवं भूजल पुनर्भरण अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान केवल जल संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की जल सुरक्षा सुनिश्चित करने, शहरी जलभराव कम करने, भूजल स्तर सुधारने तथा पर्यावरणीय संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उज्जैन नगर निगम द्वारा अल्प अवधि में उल्लेखनीय कार्य करते हुए मात्र 2 माह के भीतर लगभग 660 वर्षा जल संचयन एवं रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण, सुधार एवं पुर्नस्थापन किया गया है। यह कार्य शहर के विभिन्न शासकीय भवनों, सार्वजनिक परिसरों, उद्यानों, विद्यालयों, सड़कों, कॉलोनियों, पार्किंग क्षेत्रों, जलभराव स्थलों एवं खुले क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर किया गया है। नगर निगम उज्जैन द्वारा अपनाया गया मॉडल विशेष रूप से उथले दोनों स्तरों पर भूजल पुनर्भरण को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। इस समन्वित तकनीकी मॉडल के माध्यम से वर्षा जल को सतह पर रोककर, फिल्टर कर तथा वैज्ञानिक संरचनाओं द्वारा भूमि के भीतर पहुँचाकर प्राकृतिक जलभृतों को पुर्नजीवित किया जा रहा है। भवनों की छतों पर गिरने वाले वर्षा जल को पाइपलाइन के माध्यम से संग्रहित कर फिल्ट्रेशन यूनिट से गुजारते हुए संग्रहण टैंक, रिचार्ज पिट अथवा रिचार्ज वेल तक पहुँचाया जाता है। इसमें लीफ फिल्टर, सैंड-ग्रेवल फिल्टर एवं फर्स्ट फ्लश सिस्टम का उपयोग किया जाता है, जिससे स्वच्छ जल का पुनर्भरण संभव हो सके। रिचार्ज पिट उथले जलभृत पुर्नभरण की अत्यंत प्रभावी प्रणाली है। इसमें निर्धारित आकार के गड्ढे को बोल्डर, गिट्टी, रेत एवं फिल्टर मीडिया से भरकर वर्षा जल को धीरे-धीरे भूमि में रिसाया जाता है। यह प्रणाली आवासीय क्षेत्रों, पार्कों एवं खुले स्थलों के लिए उपयुक्त है। लंबी एवं संकरी खाइयों के माध्यम से बड़े क्षेत्र से आने वाले अपवाह जल को संग्रहित एवं फिल्टर कर भूमि में प्रवाहित किया जाता है। यह प्रणाली सड़क किनारे, पार्किंग क्षेत्रों एवं बड़े परिसरों में जलभराव रोकने तथा भूजल पुनर्भरण बढ़ाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। परकोलेशन टैंक सतही जल को अस्थायी रूप से संग्रहित कर धीरे-धीरे भूमि में अवशोषित करने की तकनीक है। यह विशेष रूप से खुले क्षेत्रों एवं ग्रामीण परिक्षेत्रों में उपयोगी है तथा भूजल स्तर सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। छोटे नालों एवं जल प्रवाह मार्गों पर निर्मित चेक डैम पानी की गति को नियंत्रित करते हैं, जिससे जल का फैलाव बढ़ता है और मिट्टी में अवशोषण अधिक होता है। इससे भूजल पुनर्भरण, मृदा संरक्षण एवं जल उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार होता है। इन उन्नत संरचनाओं के माध्यम से फिल्टर किए गए वर्षा जल को सीधे गहराई तक पहुँचाया जाता है। परफोरेटेड आरसीसी रिंग, ग्रेवल पैकिंग एवं मल्टी-लेयर फिल्टर सिस्टम के माध्यम से जल गहरे जलभृतों तक पहुँचकर सुनिश्चित करता है। अनुपयोगी अथवा बंद पड़े बोरवेलों को वैज्ञानिक तरीके से पुनर्जीवित कर रिचार्ज संरचना के रूप में उपयोग किया जा रहा है। फिल्टर चैंबर एवं स्क्रीनिंग सिस्टम के माध्यम से स्वच्छ वर्शा जल को पुराने बोर में प्रवाहित कर गहरे भूजल स्तर में सुधार किया जा रहा है। मौजूदा हैंडपंप रिचार्ज सिस्टम हैंडपंप प्लेटफॉर्म के आसपास विशेष रिचार्ज संरचना विकसित कर वर्षा एवं अपवाह जल को फिल्टर कर भूमिगत स्तर तक पहुँचाया जा रहा है। इससे हैंडपंपों की जल उपलब्धता एवं जलधारण क्षमता में वृद्धि हो रही है। फार्म पॉन्ड एवं कंटूर बंडिंग ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्रों में खेत तालाब एवं कंटूर बंडिंग तकनीकों द्वारा वर्षा जल को रोककर मिट्टी की नमी बनाए रखने, भूजल पुनर्भरण बढ़ाने एवं कृशि उत्पादकता सुधारने का कार्य किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में सड़क किनारे विकसित बायोस्वेल एवं हरित नालियाँ वर्षा जल को फिल्टर कर प्राकृतिक रूप से भूमि में अवशोषित करती हैं। साथ ही शहरी ड्रेनों एवं स्टॉर्म वॉटर नेटवर्क से प्राप्त जल को फिल्टर कर भूमिगत संग्रहण एवं रिचार्ज के लिए उपयोग किया जा रहा है। उज्जैन नगर निगम द्वारा संचालित यह अभियान जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन के क्षेत्र में एक सफल एवं अनुकरणीय मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है। अल्प अवधि में 660 से अधिक रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण एवं सुधार यह सिद्ध करता है कि वैज्ञानिक योजना, तकनीकी दृष्टिकोण, प्रशासनिक इच्छाशक्ति एवं जनसहभागिता के माध्यम से जल संकट का प्रभावी समाधान संभव है। नगर निगम उज्जैन का यह प्रयास केवल संरचनाएँ बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर में दीर्घकालिक जल सुरक्षा, भूजल स्तर सुधार, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत शहरी विकास की दिशा में एक व्यापक अभियान है। नगर निगम उज्जैन द्वारा इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने हेतु निरंतर व्यापक जनसंपर्क एवं जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। प्रतिदिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों, कॉलोनियों, संस्थानों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें वर्षा जल संचयन एवं भूजल पुनर्भरण के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नागरिकों को अपने भवनों, संस्थानों एवं परिसरों में रूफटॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक भवन जल संरक्षण का सक्रिय केंद्र बन सके। इस महत्वपूर्ण अभियान के अंतर्गत नगर निगम की टीमें लगातार क्षेत्रीय भ्रमण, जनसंवाद, जागरूकता कार्यक्रम, तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रचार-प्रसार गतिविधियाँ संचालित कर रही हैं। नागरिकों को वर्षा जल संचयन प्रणालियों की कार्यप्रणाली, तकनीकी लाभ, भूजल पुर्नभरण की आवश्यकता तथा जल संरक्षण के दीर्घकालिक प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। नगर निगम द्वारा संचालित इस अभिनव एवं दूरदर्शी पहल को शहरवासियों का व्यापक समर्थन एवं सकारात्मक प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है। नागरिक स्वप्रेरणा से इस अभियान से जुड़ रहे हैं तथा अपने भवनों एवं परिसरों में वर्षा जल संचयन संरचनाएँ स्थापित कर नगर निगम के जल संरक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। जनभागीदारी एवं प्रशासनिक प्रयासों के समन्वय से यह अभियान उज्जैन शहर में सतत जल प्रबंधन एवं भूजल संवर्धन का एक सफल मॉडल बनकर उभर रहा है। यह मॉडल भविष्य में अन्य नगरीय निकायों एवं संस्थाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। उज्जैन नगर निगम द्वारा अपनाया गया यह समन्वित जल प्रबंधन मॉडल आने वाले वर्षों में शहर को जल संरक्षण एवं भूजल पुर्नभरण के क्षेत्र में एक आदर्श एवं आत्मनिर्भर शहर के रूप में स्थापित करेगा। महापौर श्री मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव एवं निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा शहरवासियों से अपील कि अपने भवनों, संस्थानों एवं परिसरों में रूफटॉप रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कर जल संरक्षण में अपना सहयोग प्रदान करें।

## प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 प्रभावी : लापरवाही और नियमों के उल्लंघन पर होगी दंडात्मक कार्रवाई - आयुक्त भोंडवे

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि




**उज्जैन।** नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने सभी नगरीय निकायों को 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026' का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब शहर से कचरा केवल हटाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि 'वेस्ट टू वेल्थ' की परिकल्पना को साकार करते हुए रिसायकल के लिए इसका जिम्मेदारी से प्रबंधन करना आवश्यक है। इन नवीन नियमों के तहत अब प्रत्येक घर में कचरे का अलग-अलग संग्रहण अनिवार्य किया है, अब नागरिकों को गीला, सूखा और घरेलू हानिकारक कचरा पृथक डस्टबिन में देना होगा। इस सुव्यवस्थित प्रक्रिया के माध्यम से गीले कचरे से जैविक खाद का निर्माण किया जाएगा तथा सूखे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से पुनर्चक्रण होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ''स्वच्छता अब सिर्फ आदत नहीं, बल्कि एक अनिवार्य जिम्मेदारी है।'' खुले में कचरा फेंकने, प्लास्टिक जलाने या सार्वजनिक स्थानों को गंदा करने जैसी गतिविधियों पर अब कड़ी कार्रवाई होगी तथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में दंडात्मक प्रक्रिया के साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा। इसके अतिरिक्त, थोक कचरा उत्पादकों को भी अपने परिसर में ही कचरे का ऑन-साइट प्रसंस्करण करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत सुरक्षित पर्यावरण और स्वस्थ भविष्य के निर्माण के लिए राज्य के 406 नगरीय निकाय पूर्णत: कटिबद्ध हैं, जिनमें 28 नए निकाय पहली बार इस प्रतिस्पर्धा में शामिल हो रहे हैं। नागरिकों की छोटी पहल से बड़े बदलाव का लक्ष्य लेकर चल रहे इन निकायों द्वारा जमीनी स्तर पर की जा रही तैयारियों का मूल्यांकन विभिन्न श्रेणियों में किया जाएगा। सर्वेक्षण में मैदानी स्तर पर उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा विभागीय अमले की दक्षता बढ़ाने के लिए प्रदेश में 51 क्षमता वर्धन कार्यशालाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है। इसके साथ ही, तीन वृहद राज्य स्तरीय कार्यशालाएं भी की गई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवास के टोंककला की पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट पर किया शोक व्यक्त

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास जिले के टोंककला में पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि विस्फोट में कई लोगों के हताहत होने का समाचार हृदय विदारक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जिले के प्रभारी एवं उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, गृह सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों को घटना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। घटना की जांच के आदेश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतकों के परिजनों को राज्य शासन की ओर से 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने एवं घायलों का नि:शुल्क इलाज करने के लिये निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दुर्घटना में घायलों को त्वरित स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## सीईओ जिला पंचायत द्वारा छात्रवृत्ति संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**उज्जैन।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांस कूमट द्वारा जिला पंचायत सभागृह में छात्रवृत्ति संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ ने स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिमजाति कल्याण विभाग के मध्य समन्वय की कमी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि दोनों विभाग आपसी समन्वय से कार्य कर लंबित समस्याओं का निराकरण करें तथा विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। सीईओ श्री कूमट ने अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा को भी आदिमजाति कल्याण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आगामी समीक्षा बैठक 15 दिवस पश्चात आयोजित की जाएगी तथा तब तक किसी भी प्रकार की पेंडेंसी शेष नहीं रहनी चाहिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, एडीपीसी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, समस्त बीईओ, संकुल प्राचार्य एवं कॉलेज प्राचार्य उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन व्यवस्था उपलब्ध होने पर अनावश्यक रजिस्टर एंट्री कर दोगुना कार्य ना करें -अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य बर्णवाल

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**उज्जैन।** एसीएस हेल्थ श्री अशोक बर्णवाल ने चरक भवन का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अस्पताल संचालन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऑनलाइन कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि ऑनलाइन व्यवस्था उपलब्ध होने पर अनावश्यक रजिस्टर एंट्री से कार्यभार नहीं बढ़ाया जाए। निरीक्षण के दौरान श्री बर्णवाल ने निर्देश दिए कि एएनसी जांच एएनएम के माध्यम से कराई जाए और हाई-रिस्क मामलों को तत्काल चिकित्सकों तक पहुंचाया जाए।उन्होंने अस्पताल परिसर के फर्श और अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए। दवा भंडारण कक्ष के निरीक्षण में उन्होंने प्रत्येक माह की दिवसवार जानकारी अपडेट रखने, दवाइयों को अल्फाबेटिकल क्रम में व्यवस्थित करने तथा नियमित उपयोग वाली दवाओं के स्टॉक की सतत जानकारी रखने को कहा। एसीएस हेल्थ श्री बर्णवाल ने निर्देश दिए कि दवा भंडारण की समस्त जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जाए और ऑनलाइन किए गए कार्य को रजिस्टर में दोबारा दर्ज कर कर्मचारियों पर अनावश्यक भार न डाला जाए। ब्लड बैंक का निरीक्षण करते हुए उन्होंने विभिन्न ब्लड यूनिट की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने ब्लड सैंपल कलेक्शन प्रक्रिया की समीक्षा की और मरीजों को चिकित्सा लाभ देने के साथ सभी का आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए। एसीएस हेल्थ श्री बर्णवाल ने कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की उपस्थिति में पीआईसीयू वार्ड और शिशु वार्ड का भी निरीक्षण किया। शिशु वार्ड स्थित प्रसाधन की साफ-सफाई पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा और गंगा दशहरा पर्व धार्मिक आस्था से जुड़े महत्वपूर्ण आयोजन-नगर निगम सभापति यादव

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**उज्जैन।** 24वीं शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा 25 और 26 मई को आयोजित की जाएगी। यात्रा की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 23 वर्ष पहले मां शिप्रा के संरक्षण के लिए की गई थी। विगत 23 वर्षों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा में भाग लेकर मां शिप्रा के संरक्षण के लिए कार्य करते है। इस वर्ष 25 मई को यात्रा का शुभारम्भ मोक्षदायिनी मां शिप्रा के राम घाट पर पूजन से होगा। यात्रा जिले में नरसिंह घाट , लालपुल से त्रिवेणी होकर शहर के मार्गों से निकलकर वापस राम घाट 26 मई को पहुंचेगी। साथ ही 26 मई ,गंगा दशहरा को यात्रा के समापन अवसर पर राम घाट पर गंगा दशहरा उत्सव आयोजित किया जाएगा। इसी तारतम्य में गुरुवार सुबह नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, समाजसेवी श्री नरेश शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने राम घाट से शिप्रा नदी तीर्थ परिक्रमा मार्ग और गंगा दशहरा के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों के लिए राम घाट ,नृसिंह घाट का निरीक्षण किया। नगर निगम सभापति श्रीमती यादव ने निरीक्षण के दौरान यात्रा मार्ग, घाट क्षेत्र, श्रद्धालुओं की आवाजाही, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था तथा आवश्यक सुविधाओं को लेकर विस्तृत निर्देश दिए। सभापति श्रीमती यादव और समाजसेवी श्री नरेश शर्मा ने कहा कि मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा और गंगा दशहरा पर्व धार्मिक आस्था से जुड़े महत्वपूर्ण आयोजन हैं। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता प्रतिवर्ष रहती है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व सुनिश्चित करें-कलेक्टर श्री सिंह कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व सुनिश्चित करने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने मार्ग पर साफ-सफाई, पेयजल, बैरिकेडिंग, पार्किंग, चिकित्सा सहायता, संकेतक और यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने लालपुल के समीप घाट के नज़दीक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए तथा भीड़ प्रबंधन के लिए यात्रा मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यात्रा के दौरान ट्रैफिक प्लान बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांस कूमट, नगर निगम अपर आयुक्त श्री संतोष टैगोर, नगर निगम अपर आयुक्त श्री पवन कुमार सिंह, यूडीए सीईओ श्री संदीप सोनी, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल, एडिशनल पुलिस अधीक्षक श्री आलोक शर्मा, लोक निर्माण विभाग के एई श्री तोमर और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरसीबी ने प्लेऑफ के लिए बढ़ाए मजबूत कदम, केकेआर के अभियान को लगा झटका

आईपीएल 2026 का लीग चरण अब खत्म होने को है और प्लेऑफ की दौड़ काफी रोमांचक होती जा रही है। आरसीबी और गुजरात शीर्ष दो में है और अगले दौर में पहुंचने के लिए इन्होंने दावा बेहद मजबूत कर लिया है। आइए जानते हैं कि प्लेऑफ का समीकरण क्या है... गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर जीत के साथ ही प्लेऑफ में जाने के लिए एक कदम और आगे बढ़ा लिए हैं। आरसीबी की टीम अभी आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी है, लेकिन उसने अपनी संभावनाएं बेहद मजबूत कर ली हैं। दूसरी ओर, केकेआर के पहले ही अंतिम चार में रहने की उम्मीद कम थी और अब एक और हार से उसके अभियान को झटका लगा है। समीकरण जानने से पहले आइए जानते हैं कि आईपीएल 2026 के 57वें मैच के बाद अंक तालिका की स्थिति क्या है। केकेआर पर जीत के साथ ही आरसीबी अंक तालिका में एक बार फिर पहले स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी की यह इस सीजन की आठवीं जीत रही और अब टीम के 12 मुकाबलों में 16 अंक हो गए हैं। आरसीबी की जीत से गुजरात टाइटंस का नुकसान हुआ है और वह दूसरे नंबर पर खिसक गई है। हालांकि गुजरात के भी आरसीबी के बराबर 16 अंक हैं, लेकिन आरसीबी (+1.053) का नेट रन रेट गुजरात टाइटंस (+0.551) से



बेहतर है। सनराइजर्स हैदराबाद 12 मुकाबलों में 14 अंक के साथ तीसरे नंबर पर काबिज है। वहीं, पंजाब किंग्स 11 मुकाबलों में 13 अंक लेकर चौथे नंबर पर मौजूद है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) 11 मुकाबलों में 12 अंक के साथ पांचवें और राजस्थान रॉयल्स इतने ही मुकाबलों में 12 अंक के साथ छठे नंबर पर हैं। दिल्ली कैपिटल्स 12 मुकाबलों में 10 अंक अर्जित करने के साथ अंक तालिका में सातवें नंबर पर काबिज है। वहीं, आरसीबी के खिलाफ मिली हार से कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेऑफ की राह मुश्किल हो गई है, हालांकि हार के बावजूद केकेआर 11 मुकाबलों में नौ अंक के साथ आठवें नंबर पर ही बनी हुई है। मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी हैं। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए आरसीबी और गुजरात का दावा बेहद मजबूत है क्योंकि इन दोनों टीमों के 16-16 अंक हो गए हैं। आमतौर पर 16 अंक लेने वाली टीम आसानी से प्लेऑफ में पहुंचती हैं, लेकिन इस बार कई टीमों के बीच अंतर कम है, इसलिए अभी तक कोई टीम आधिकारिक रूप से प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी है। मौजूदा स्थिति में हैदराबाद और पंजाब भी शीर्ष चार में बने रहने की दौड़ में आगे हैं। लेकिन दोनों ही टीमों को पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। कोहली केकेआर के खिलाफ शतकीय पारी की बदौलत ऑरेंज कैप की दौड़ में अब अभिषेक शर्मा से आगे निकल गए हैं। विराट कोहली आईपीएल 2026 में खेले 12 मुकाबलों में अब तक 165 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 484 रन बना चुके हैं। कोहली इस सीजन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में अब तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। ऑरेंज कैप पर सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन का कब्जा बरकरार है। क्लासेन ने इस सीजन 12 मुकाबलों में अब तक 153 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 508 रन बनाए हैं। वहीं, गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन 12 मुकाबलों में 501 रनों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। पर्पल कैप आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के सिर की शोभा बढ़ा रही है। भुवनेश्वर 12 मुकाबलों में अब तक 22 विकेट निकाल चुके हैं। केकेआर के खिलाफ उन्होंने चार ओवर में 34 रन देकर एक विकेट चटकाया। भुवनेश्वर को गुजरात टाइटंस के गेंदबाज कगिसो रबाडा से कड़ी टक्कर मिल रही है। रबाडा 12 मुकाबलों में 21 विकेट झटक चुके हैं। वहीं, चेन्नई सुपरकिंग्स के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज 11 मुकाबलों में 19 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

# एशेज हार के बाद इंग्लैंड में बड़ा बदलाव: ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता की एंट्री; टेस्ट टीम में शामिल हुए तीन नए चेहरे

इंग्लैंड ने एशेज में शर्मनाक हार के बाद बड़े बदलावों की शुरुआत कर दी है। टीम ने पहली बार किसी विदेशी को राष्ट्रीय चयनकर्ता बनाया है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्कस नॉर्थ को यह जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए नई टेस्ट टीम का ऐलान हुआ है, जिसमें तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों को मौका मिला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में 4-1 की हार के बाद इंग्लैंड क्रिकेट में सवाल उठने लगे थे। बल्लेबाजी, गेंदबाजी और चयन नीति सभी पर आलोचना हुई। अब बोर्ड ने बदलाव की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इंग्लैंड ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्कस नॉर्थ को नया राष्ट्रीय चयनकर्ता नियुक्त किया है। यह पहली बार है जब किसी विदेशी को यह जिम्मेदारी दी गई है। मार्कस नॉर्थ




का इंग्लैंड घरेलू क्रिकेट से गहरा रिश्ता रहा है। वह छह काउंटी टीमों के लिए खेल चुके हैं और 2018 से डरहम के क्रिकेट निदेशक हैं। वहीं उन्होंने टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के साथ भी काम किया है। इंग्लैंड चयनकर्ताओं पर अक्सर आरोप लगता रहा है कि वे काउंटी क्रिकेट के प्रदर्शन को नजरअंदाज करते हैं। ऐसे में नॉर्थ की नियुक्ति घरेलू प्रदर्शन को प्राथमिकता देने की दिशा में कदम मानी जा रही है। चार जून से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने नई टीम चुनी है। ओपनर जैक क्राउली और नंबर-तीन बल्लेबाज ओली पोप को बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह तीन नए खिलाड़ियों को मौका मिला है। इनमें एमिलियो गे, जेम्स रियू, सोनी बेकर। जेम्स रियू को भविष्य का बड़ा खिलाड़ी माना जाता है। उनके नाम 12 फर्स्ट क्लास शतक हैं और सर्वोच्च स्कोर 221 रन है। इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी फिलहाल कमजोर नजर आ रही है। क्रिस वोक्स, जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड संन्यास ले चुके हैं। वहीं मार्क वुड और ब्रायडन कार्स चोटिल हैं, जबकि जोफ्रा आर्चर टी20 प्रतिबद्धताओं के कारण उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में मैथ्यू फिशर और युवा सॉनी बेकर को मौका मिला है। ओली रॉबिन्सन की टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने 2021 से अब तक 76 विकेट लिए हैं। स्पिन विभाग में रेहान अहमद की वापसी हुई है, जो अक्तूबर 2024 के बाद पहली बार टेस्ट टीम में लौटे हैं। उनके साथ शोएब बशीर स्पिन विकल्प रहेंगे। इंग्लैंड की टेस्ट टीम (पहला टेस्ट): बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, गस एटकिंसन, सॉनी बेकर, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, मैथ्यू फिशर, एमिलियो गे, जेम्स रियू, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग। एशेज में हार के बाद इंग्लैंड ने साफ संकेत दिया है कि अब बदलाव का दौर शुरू हो चुका है। नए चयनकर्ता, नए खिलाड़ी और नई रणनीति के साथ टीम न्यूजीलैंड सीरीज से नई शुरुआत करना चाहती है। अब देखना होगा कि यह प्रयोग कितना सफल होता है।

# सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की नई टीम तैयार वीआरवी और बालाजी को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

बीसीसीआई के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कोचिंग स्टाफ में बड़े बदलाव की तैयारी है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वीआरवी सिंह और बालाजी को तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी मिल सकती है। आईपीएल 2026 के खत्म होने के बाद इन नियुक्तियों पर अंतिम मुहर लगने की संभावना है। ।रतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भारतीय क्रिकेट के भविष्य को तैयार करने का अहम केंद्र माना जाता है। पिछले साल ट्रॉय कूली के पद छोड़ने के बाद से तेज गेंदबाजी कोच का पद खाली है। बीसीसीआई ने पहले किसी विदेशी विशेषज्ञ को लाने की कोशिश की थी और इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी कोच स्टीफन जोंस से बातचीत भी हुई थी, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ पाया। अब बोर्ड भारतीय कोचों पर भरोसा करने के मूड में नजर आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वीआरवी सिंह और लक्ष्मीपति बालाजी इस रेस में सबसे आगे हैं। वीआरवी सिंह पहले भी ट्रॉय कूली के साथ काम कर चुके हैं, जिससे उन्हें सीओई के सिस्टम की अच्छी समझ है। वहीं बालाजी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का लंबा अनुभव रखते हैं, जो युवा गेंदबाजों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। पी कृष्णाकुमार का नाम भी तेज गेंदबाजी कोच की सूची में शामिल है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में शानदार काम किया और टीम को ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में आकिब नबी, सुनील कुमार और युधवीर सिंह जैसे गेंदबाज उभरे। पूर्व कर्नाटक ऑलराउंडर येरे गूड को बल्लेबाजी कोच बनाया जा सकता है। फील्डिंग कोच की रेस में दिषांत यागनिक का नाम चर्चा में है, जो फिलहाल कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ काम कर रहे हैं। इसके अलावा मिलाप मेवाडा और शबरिश मोहन भी सूची में शामिल बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार सुनेत्रा परांजपे, नूशीन अल खदीर और वीआर वनीता को भी सीओई में कोचिंग जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ये बदलाव भारतीय क्रिकेट के भविष्य के लिए अहम माने जा रहे हैं। अगर वीआरवी सिंह, बालाजी और अन्य पूर्व खिलाड़ी जिम्मेदारी संभालते हैं, तो युवा प्रतिभाओं को अनुभवी मार्गदर्शन मिलेगा और भारतीय क्रिकेट की नींव और मजबूत होगी।

## बुमराह को 'चुमराह' बोलने पर घिरे वीरेंद्र सहवाग, सोशल मीडिया पर फैंस ने लगाई क्लास

वीरेंद्र सहवाग लाइव चर्चा के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को गलती से 'चुमराह' बोल बैठे, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया गया। वीडियो तेजी से वायरल हो गया और फैंस ने नाराजगी जताई। दूसरी ओर, बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाज रैंकिंग में नंबर-एक स्थान पर कायम हैं। वीरेंद्र सहवाग का एक विवादित वीडियो वायरल हो गया है, जिससे वह चर्चा में आ गए हैं। दरअसल, आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के मुकाबले से पहले 'क्रिकबज शो' में मुंबई की गेंदबाजी पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने जसप्रीत बुमराह का नाम लेते समय गलती से 'चुमराह' कह दिया। हालांकि, सहवाग ने तुरंत अपनी गलती सुधार ली, लेकिन तब तक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका था। वीडियो सामने आने के बाद कई फैंस ने नाराजगी जताई। कुछ लोगों ने इसे मजाक माना, जबकि कई यूजर्स ने सहवाग की आलोचना की। एक यूजर ने लिखा, 'सहवाग बुमराह से इतनी नफरत क्यों करते हैं?' कुछ फैंस ने कहा कि इतने बड़े खिलाड़ी के लिए साथी क्रिकेटर का नाम गलत लेना ठीक नहीं है। वहीं कुछ लोगों ने इसे सामान्य जुबान फिसलना बताया। सोशल मीडिया विवाद से अलग जसप्रीत बुमराह अपने प्रदर्शन से लगातार जवाब दे रहे हैं। आईसीसी द्वारा जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग में वह 879 अंकों के साथ दुनिया के नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। भारत की ओर से अगला नाम मोहम्मद सिराज का है, जो 12वें स्थान पर हैं। वहीं रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव क्रमश: 14वें और 15वें स्थान पर हैं। आईसीसी टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में जो रूट 880 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल आठवें और शुभमन गिल नौवें स्थान पर हैं। गिल ने एक स्थान की छलांग लगाई है, जबकि जायसवाल लगातार टॉप-10 में बने हुए हैं। सहवाग की जुबान फिसलने वाली घटना सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई, लेकिन जसप्रीत बुमराह का फोकस अब भी खेल पर है। वह टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बने हुए हैं, जो बताता है कि असली जवाब मैदान पर मिलता है।

# खराब फील्डिंग पर फूटा केकेआर के मुख्य कोच नायर का गुस्सा, कोहली का कैच छूटने पर जताई नाराजगी

केकेआर को आरसीबी के खिलाफ मिली हार के बाद टीम के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने स्वीकार किया कि केकेआर को कोहली का कैच छोड़ना भारी पड़ा। आरसीबी की जीत में कोहली का योगदान सबसे अहम रहा जिन्होंने नाबाद शतकीय पारी खेली। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने माना कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के चेज के दौरान विराट कोहली का कैच छोड़ना मैच का सबसे बड़ा टर्निंग प्वाइंट रहा। कोहली की नाबाद शतकीय पारी के बूते आरसीबी ने बुधवार को केकेआर को छह विकेट से हराया। विराट ने 60 गेंदों में 105 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 11 चौके और 3 छक्के लगाए। केकेआर के खिलाफ मिली जीत के साथ ही आरसीबी अंक तालिका में एक बार फिर शीर्ष पर पहुंच गई है। आरसीबी ने केकेआर से मिले 193 रनों के लक्ष्य को 19.1 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल किया।




पिछली दो पारियों में शून्य पर आउट हुए कोहली केकेआर के खिलाफ शुरुआत से ही अच्छी लय में दिखाई दिए। हालांकि, जब कोहली 21 के स्कोर पर बल्लेबाजी कर रहे थे, तो केकेआर के खिलाड़ी रोवमैन पॉवेल ने कोहली का कैच छोड़ दिया था, जो टीम को काफी महंगा पड़ा। केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायक ने कहा, जब आप विराट कोहली का कैच ड्रॉप करते हैं, खासकर रनों का पीछा करने के दौरान, तो यह बहुत मुश्किल हो जाता है। बहुत सी चीजें हैं जो बेहतर हो सकती थीं। विराट का कैच बहुत मुश्किल था। नायर ने मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गैरमौजूदगी की ओर भी इशारा किया, जिससे बीच के ओवरों में एक बड़ा खालीपन आ गया। उन्होंने कहा, अगर हमारे पास और 10-15 रन होते, तो शायद गेम बदल जाता। अगर वे कैच लिए जाते, तो शायद गेम बदल जाता। वरुण चक्रवर्ती खेलते, तो शायद गेम बदल सकता था। केकेआर के बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा। अंगकृष रघुवंशी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों में 71 रनों की दमदार पारी खेली, तो रिंकू सिंह ने 29 गेंदों में 49 रनों का योगदान दिया। नायर ने कहा, पिच शुरू से आखिरी तक अच्छी थी। जब भी थोड़ी बारिश होती है, तो पहले कुछ ओवर में आप उम्मीद करते हैं कि गेंद स्विंग करेगी और थोड़ी सीम करेगी, जो हुआ, लेकिन मुझे फिर भी लगा कि हमने बोर्ड पर काफी रन बना लिए हैं, क्योंकि बीच में जब हमने यह चर्चा की, तो हमें लगा कि 180-200 के बीच कहीं भी अच्छा स्कोर होगा। अभिषेक नायर ने माना कि केकेआर को वरुण चक्रवर्ती की कमी खली। उन्होंने कहा,वरुण की बात करें तो, हमने सुनील नरेन और वरुण की जोड़ी के साथ बहुत अच्छा किया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमने इस सीजन में उन्हें बहुत मिस किया है, यह दूसरी बार है जब उन्हें फ्रैक्चर हुआ है, जो उनके लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन आपको हमेशा वरुण की कमी खलेगी। हम सुनील और वरुण की एक साथ गेंदबाजी करने की क्वालिटी जानते हैं, इसलिए वरुण की जगह लेना मुश्किल है।

## सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की नई टीम तैयार वीआरवी और बालाजी को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

बीसीसीआई के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कोचिंग स्टाफ में बड़े बदलाव की तैयारी है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वीआरवी सिंह और बालाजी को तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी मिल सकती है। आईपीएल 2026 के खत्म होने के बाद इन नियुक्तियों पर अंतिम मुहर लगने की संभावना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भारतीय क्रिकेट के भविष्य को तैयार करने का अहम केंद्र माना जाता है। पिछले साल ट्रॉय कूली के पद छोड़ने के बाद से तेज गेंदबाजी कोच का पद खाली है। बीसीसीआई ने पहले किसी विदेशी विशेषज्ञ को लाने की कोशिश की थी और इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी कोच स्टीफन जोंस से बातचीत भी हुई थी, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ पाया। अब बोर्ड भारतीय कोचों पर भरोसा करने के मूड में नजर आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वीआरवी सिंह और लक्ष्मीपति बालाजी इस रेस में सबसे आगे हैं। वीआरवी सिंह पहले भी ट्रॉय कूली के साथ काम कर चुके हैं, जिससे उन्हें सीओई के सिस्टम की अच्छी समझ है। वहीं बालाजी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का लंबा अनुभव रखते हैं, जो युवा गेंदबाजों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। पी कृष्णाकुमार का नाम भी तेज गेंदबाजी कोच की सूची में शामिल है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में शानदार काम किया और टीम को ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में आकिब नबी, सुनील कुमार और युधवीर सिंह जैसे गेंदबाज उभरे। पूर्व कर्नाटक ऑलराउंडर येरे गूड को बल्लेबाजी कोच बनाया जा सकता है। फील्डिंग कोच की रेस में दिषांत यागनिक का नाम चर्चा में है, जो फिलहाल कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ काम कर रहे हैं। इसके अलावा मिलाप मेवाडा और शबरिश मोहन भी सूची में शामिल बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार सुनेत्रा परांजपे, नूशीन अल खदीर और वीआर वनीता को भी सीओई में कोचिंग जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ये बदलाव भारतीय क्रिकेट के भविष्य के लिए अहम माने जा रहे हैं। अगर वीआरवी सिंह, बालाजी और अन्य पूर्व खिलाड़ी जिम्मेदारी संभालते हैं।

# 'नाकामी वापसी का रास्ता दिखाती है' शतक के बाद विराट कोहली का दिल जीतने वाला बयान

वराट कोहली ने लगातार दो शून्य के बाद शानदार नाबाद शतक लगाकर आरसीबी को केकेआर पर छह विकेट से जीत दिलाई। मैच के बाद कोहली ने कहा कि असफलताएं बहुत जरूरी होती हैं, क्योंकि वही खिलाड़ी को वापसी का रास्ता दिखाती हैं। उन्होंने माना कि पिछले दो मैचों में रन नहीं बनने से वह परेशान थे, लेकिन दबाव ने उन्हें और मजबूत बनाया। लगातार दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद विराट कोहली पर सवाल उठने लगे थे, लेकिन रायपुर में उन्होंने बल्ले से जवाब दिया। केकेआर के खिलाफ विराट ने नाबाद शतक लगाकर टीम को शानदार जीत दिलाई। इस जीत के साथ आरसीबी अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। विराट ने आईपीएल का रिकॉर्ड नौवां शतक लगाया और एमएस धोनी और रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर 279 मैचों के साथ आईपीएल में सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने वाले खिलाड़ी भी बन गए। मैच के बाद विराट ने खुलकर अपनी भावनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा, 'पिछले दो मैचों में मैं ज्यादा रन नहीं बना पाया था। यह बात मुझे अंदर ही अंदर खा रही थी, क्योंकि मुझे



पता है कि मैं अच्छा खेल सकता हूं और गेंद को अच्छी तरह हिट कर रहा हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन जब आप अपनी पारी को आगे नहीं बढ़ा पाते और टीम पर असर नहीं डाल पाते, तो यह परेशान करता है। इतने वर्षों से मेरा लक्ष्य यही रहा है कि खुद को बेहतर बनाऊं और टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं।' विराट ने शतक लगाने से ठीक पहले यानी 98 के निजी स्कोर पर मैदान पर डांस किया था। उन्होंने कार्तिक त्यागी के 18वें ओवर में छक्का लगाकर जश्न मनाया था और खुद का आत्मविश्वास इस अंदाज में बढ़ाया था। इतना ही नहीं, उन्होंने दो डक के बाद जब इस मैच में अपना पहला रन बनाया था तो खुशी भी जाहिर की थी। कोहली ने कहा, 'दो मैच अगर आपके मुताबिक नहीं जाते तो थोड़ी घबराहट होती है, लेकिन वही आपकी मदद भी करती है। मेहनत बहुत लगती है, मगर इससे आपका खेल ऊपर जाता है। वे असफलताएं बहुत जरूरी होती हैं, क्योंकि वही आपको वापसी की जगह देती हैं।' उनका यह बयान बताता है कि बड़े खिलाड़ी हार से टूटते नहीं, बल्कि उससे सीखकर और मजबूत बनते हैं। विराट ने दबाव को लेकर भी बड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'लोग कहते हैं दबाव एक विशेषाधिकार है, क्योंकि यह आपको विनम्र बनाए रखता है। अच्छा दबाव हमेशा आपके खेल को बेहतर करता है।' उन्होंने माना कि शतक के बाद ज्यादा जश्न नहीं मनाया, क्योंकि टीम के लिए अंक ज्यादा महत्वपूर्ण थे। दबाव आपको विनम्र बनाए रखता है, आपको फोकस में रखता है और आपको फिर से अभ्यास में कड़ी मेहनत करने के लिए मजबूर करता है। आप चीजों को हल्के में नहीं ले सकते। पेट में घबराहट महसूस होना, अच्छा दबाव हमेशा आपके खेल को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसलिए मैं नेट्स में ज्यादा मेहनत कर रहा था, ट्रेनिंग और कड़ी कर रहा था।' कोहली ने कहा, 'मुझे बल्लेबाजी से प्यार है, यही मेरी सबसे गहरी भावना है। इस स्तर पर खेलना सम्मान की बात है। मैं मैदान पर अपना दिल और जान लगा देता हूं, क्योंकि एक दिन यह सब खत्म हो जाएगा।' उन्होंने आगे कहा, 'खेल आपको इंसान के रूप में बहुत कुछ सिखाता है। दबाव में प्रदर्शन करने से आपका चरित्र बनता है। इतने वर्षों बाद भी बल्ले के बीच में गेंद लगने की खुशी आज भी वैसी ही है।' आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। टीम के हर खिलाड़ी ने अलग-अलग समय पर योगदान दिया है। हम एक समय में एक मैच पर ध्यान दे रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, '10 ओवर के बाद जिस तरह हमने उनकी पारी पर नियंत्रण किया और उन्हें 192 पर रोका, वह हमारे लिए अच्छा संकेत है।

# इंदौर में भीषण गर्मी का दौर जारी दिन का पारा 43 डिग्री के पार




## रात को खूब सता रही गर्मी, तापमान बढ़ने के आसार

**इंदौर।** इंदौर में करीब एक हफ्ते से भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। इसमें पिछले तीन दिनों से तेज धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। तीनों दिन तापमान 43 डिग्री के पार रहा, जिससे काफी बेचैनी हो रही है। रात को भी यही स्थिति है। दिन की तपन का असर रात तक रहता है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अभी भीषण गर्मी का दौर चलेगा और तापमान और भी बढ़ सकता है। बुधवार को दिन का तापमान 43.6 (+4) डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा है। रात का तापमान दो दिनों से 30 डिग्री से ज्यादा बना हुआ है जो सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है। इसके साथ ही दिन और रात के तापामान में 13 डिग्री का अंतर बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि अगले 4 दिन तक प्रदेश में तेज गर्मी पड़ेगी। इंदौर संभाग में गर्मी का असर ज्यादा रहेगा। यहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां यहां वॉर्म नाइट की चेतावनी भी है। हालांकि इसके पूर्व से ही दिन की तपन का असर रात तक बना हुआ है और यही कारण है कि रात को भी गर्म हवाओं का दौर चल रहा है। इंदौर में मई में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, 31 मई 1994 को यहां रिकॉर्ड 46.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। मई में मौसम बदलने के साथ बादल और बौछारें भी होती हैं।

## इंदौर में नकली हिट और गुड नाइट का भंडाफोड़

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि



**इंदौर।** इंदौर में नकली कीटनाशक और मच्छर भगाने वाले उत्पादों का कारोबार करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। गुरुवार को क्राइम ब्रांच और हीरानगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। आरोपी गोदरेज कंपनी के नकली हिट और गुड नाइट उत्पाद बेच रहे थे। पुलिस ने दो आरोपियों महेश चौहान और हरीश चावड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब 30 हजार रुपए कीमत का नकली माल जब्त किया गया है। मामले में गोदरेज कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स से जुड़ी आईपीआर सर्विसेस के असिस्टेंट मैनेजर सुभाष शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि महेश चौहान और हरीश चावड़ा बाजार में कंपनी के नकली उत्पाद सप्लाई कर रहे हैं। सूचना के बाद क्राइम ब्रांच, हीरानगर पुलिस और कीटनाशक निरीक्षक सीएल मालवीय की टीम ने दीनदयाल उपाध्याय नगर और सुखलिया इलाके में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास रखी चार बोरियों की तलाशी ली गई, जिसमें बड़ी मात्रा में नकली हिट स्प्रे और गुड नाइट रिफिल पैक बरामद हुए। जांच में पुलिस ने 70 बोतल काला हिट एंटी मॉस्किटो स्प्रे, 26 बोतल लाल हिट एंटी कॉकरोच स्प्रे और 1450 गोदरेज गुड नाइट मॉस्किटो रिपेलेंट रिफिल पैक जब्त किए। विशेषज्ञों की जांच में ये उत्पाद प्रथम दृष्टया नकली और अमानक पाए गए। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे गुजरात से नकली माल लाकर इंदौर के अलग-अलग इलाकों में सप्लाई करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वाहनों के चालान बने कोर्ट की मुसीबत : छह लाख पेंडिंग जज का ट्रांसफर, गाड़ी बेचने वालों का निराकरण नहीं हो रहा

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** शहर में ट्रैफिक पुलिस द्वारा चौराहों, सड़क किनारे बड़ी संख्या में बनाए जा रहे ई-चालान अब जिला एवं सत्र न्यायालय के लिए मुसीबत बन रहे हैं। स्थिति यह है कि करीब छह लाख चालान अदालत में पेंडिंग हो गए हैं। इन चालान के निराकरण के लिए बनाई गई विशेष कोर्ट के न्यायाधीश का ट्रांसफर हो गया है और अब तक नई नियुक्ति नहीं होने से पूरा काम प्रभावित हो रहा है। ऐसे में अब पुराने वाहन खरीदने-बेचने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। जब तक चालान लंबित हैं, जुर्माना नहीं भरा गया है, तब तक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा नाम ट्रांसफर करने की प्रक्रिया नहीं की जा रही है। सबसे ज्यादा कैमरा चालान बने, जो कोर्ट भेजे गए शहर के चौराहों पर लगे आईटीएमएस कैमरों से सिग्नल तोड़ने वालों के चालान ऑटोमैटिक बन रहे हैं। उन्हें



मोबाइल पर या घर के पते पर चालान भेजे गए, लेकिन बड़ी संख्या में लोगों ने ट्रैफिक पुलिस थाने में चालान नहीं भरा। इसके बाद ये चालान कोर्ट भेज दिए गए। लोगों के जुर्माना नहीं भरने के कारण ट्रैफिक पुलिस हर दिन कोर्ट में चालान भेजती गई, जिससे संख्या बढ़ते-बढ़ते छह लाख के पार हो गई है। जमा करने लोग रोज कोर्ट पहुंच रहे, खाली हाथ लौट रहे अधिवक्ता शैलेंद्र द्विवेदी के मुताबिक ई-चालान, मैनुअल चालान का निराकरण करने के लिए गठित की गई विशेष कोर्ट में पदस्थ न्यायाधीश का ट्रांसफर हो गया। उनके स्थान पर नई नियुक्ति नहीं होने से चालान भरने कोर्ट आ रहे लोगों को लौटना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि थाने पर चालान जमा नहीं करने वालों को कोर्ट जाना ज्यादा भारी पड़ रहा है। चालान की राशि भी बढ़ रही और वकील को भी फीस चुकाना पड़ रही है। कोर्ट की फटकार का असर नहीं सड़कों, चौराहों पर लग रहे जाम के बजाय सुबह के व्यस्त समय में ट्रैफिक पुलिस द्वारा दफ्तर, दुकान, ऑफिस जाने वाले लोगों को रोककर चालान बनाने को लेकर हाई कोर्ट नाराजगी जाहिर कर चुकी है। इसके बाद भी चालान बनाना बंद नहीं किया गया है। कार्रवाई के दौरान हुए विवाद हाल ही में बाइक सवार दो युवतियों को हेलमेट नहीं लगाने पर पुलिस जवान ने पकड़ने की कोशिश की, धक्का लगने से युवतियां बाइक से गिर गईं। उनके हाथों में चोट लग गई। महू नाका चौराहे पर भाजपा नेता को थप्पड़ मार दिया।

## इंदौर में ट्राले ने तोड़े पुलिस बैरिकेड्स चेकिंग से बचने भागा चालक, बंबई बाजार में पुलिस ने रोका; लोगों ने फोड़े कांच




संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** इंदौर के छत्रीपुरा इलाके में एक ट्राले चालक ने पुलिस चेकिंग के दौरान लगाए गए बैरिकेड्स तोड़ दिए। इसके बाद चालक ट्राला लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने पीछा करते हुए बंबई बाजार इलाके में ट्राले को रोका, जहां गुस्साए लोगों ने वाहन के कांच फोड़ दिए। एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल के मुताबिक गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र में पुलिस की चेकिंग चल रही थी। सड़क पर स्टॉपर और बैरिकेड्स लगाए गए थे। इसी दौरान ट्राले चालक ने तेज रफ्तार में बैरिकेड्स तोड़ दिए और वाहन लेकर जवाहर मार्ग की ओर भाग गया। घटना के बाद लोगों ने भी ट्राले का पीछा करना शुरू कर दिया। बंबई बाजार इलाके में पुलिस ने एफआरवी वाहन लगाकर ट्राले को रुकवाया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने ट्राले के कांच फोड़ दिए। पुलिस ने ट्राले को जब्त कर लिया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार चालक शराब के नशे में था। घटना के दौरान यह अफवाह भी फैल गई थी कि ट्राले ने कई लोगों को टक्कर मारी है, हालांकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इससे इनकार किया है।

## वीएचपी नेता संतोष शर्मा के खिलाफ फतवा

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** इंदौर के विश्व हिंदू परिषद नेता संतोष शर्मा को एक बार फिर धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बार उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ स्थित एक मुस्लिम संगठन ने उनके खिलाफ फतवा जारी किया है। फतवे में नाम का सीधा उल्लेख नहीं किया गया, लेकिन सभी संस्थाओं से वीएचपी से जुड़े लोगों की गतिविधियों की सूचना देने की बात कही गई है। बताया जा रहा है कि संतोष शर्मा द्वारा लगातार मुस्लिम समाज और धार्मिक मुद्दों पर दिए जा रहे बयानों को लेकर कुछ संगठनों में नाराजगी है। इससे पहले भी उनके खिलाफ विरोध और फतवा जारी हो चुका है। उस दौरान चेतावनी दी गई थी कि यदि प्रशासन ने उनके बयानों पर रोक नहीं लगाई तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। संतोष शर्मा का दावा है कि उन्हें पहले भी सर तन से जुदा जैसी धमकियां मिल चुकी हैं। इस संबंध में उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। मामले में तिलक नगर थाना में प्रकरण दर्ज किया गया था। वहीं एक महिला बुर्का पहनकर उनके रेसकोर्स रोड स्थित फ्लैट पर धमकी भरा पत्र देने भी पहुंची थी। उस मामले की जांच तुकोगंज थाना पुलिस ने की थी, हालांकि एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। सूत्रों के मुताबिक, उनकी सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से भी मध्यप्रदेश सरकार को पत्राचार किया गया था, लेकिन अब तक उन्हें किसी प्रकार की विशेष सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई है। फतवा जारी होने के बाद संतोष शर्मा ने कहा कि वे सनातन और हिंदू समाज के मुद्दों पर अपनी बात आगे भी रखते रहेंगे और ऐसे फतवों से डरने वाले नहीं हैं। राजनीतिक और सामाजिक हलकों में इस पूरे मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि पुलिस और प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। विश्व हिंदू परिषद में संतोष शर्मा जिले के धर्मांतरण प्रमुख का दायित्व संभाल चुके हैं। करीब तीन साल पहले उन्होंने कुछ परिवारों का खजराना गणेश मंदिर में पूजा-पाठ कराने के बाद धर्मांतरण करवाया था। इसके बाद वे प्रदेश और देशभर में चर्चा में आए थे। इसी घटनाक्रम के बाद उनके घर पर पथराव की घटना भी हुई थी।

## इंदौर में रेप केस में समझौते का दबाव महिला को 2 लाख का ऑफर, नहीं मानी तो दी जान से मारने की धमकी

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रेप केस वापस लेने के लिए महिला पर दबाव बनाने और धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि आरोपी लगातार समझौते के लिए दबाव बना रहे थे और इंकार करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने आमिर के खिलाफ वर्ष 2025 में रेप का मामला दर्ज कराया था। केस में जेल जाने के बाद अमिर जमानत पर बाहर आया और फिर समझौते के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। आरोप है कि आमिर ने बबीता चौहान के मोबाइल से कॉल करवाकर महिला को 2 लाख रुपए लेकर मामला खत्म करने का प्रस्ताव दिया। पीड़िता ने समझौते से इनकार किया तो जनवरी में उसे श्रीमाया होटल के पास एक पार्टी कार्यालय में बुलाया गया। यहां आमिर के साथ इरफान खान भी मौजूद था। महिला का आरोप है कि दोनों ने वहां फिर समझौते के लिए दबाव बनाया और कहा कि ऐसे मामलों में जान भी जा सकती है। डर के कारण महिला ने उस समय किसी को कुछ नहीं बताया। इसके बाद 9 अप्रैल को दो युवक बाइक से उसके फ्लैट के नीचे पहुंचे और मोबाइल पर कॉल कर कहा कि प्याज का ऑर्डर है। महिला ने नीचे आने से मना कर दिया, लेकिन आरोपी लगातार दबाव बनाते रहे।

## पार्षद पुत्र पर वॉल्व मैन को पीटने के आरोप

संयुक्त लहर, प्रतिनिधि

**इंदौर।** स्कीम-54 में नगर निगम के वॉल्व मैन और पार्षद पुत्र के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। मंगलवार रात 1 बजे यह विवाद हुआ। हंगामे के कारण पानी की तीन टंकियां नहीं भर पाईं, जिससे बुधवार को कई इलाकों में लोगों को पानी की परेशानी झेलनी पड़ी। विजयनगर और लसूड़िया क्षेत्र के बीच नगर निगम का हाईड्रेंट है, जहां से पानी की टंकियां भरी जाती हैं। आरोप है कि पार्षद बालमुकुंद सोनी के बेटे अमित ने मंगलवार रात नगर निगम के वॉल्व मैन अभिषेक के साथ मारपीट की। बचाव करने पहुंचे दो अन्य वॉल्व मैन के साथ भी हाथापाई हुई। विरोध में बुधवार सुबह कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया। इससे स्कीम 54 की टंकी समय पर नहीं भर पाई। इधर, स्कीम 114 का वॉल्व समय पर नहीं खोले जाने के कारण इलाके की तीन टंकियां बुधवार को खाली रह गईं। निगम हाईड्रेंट पर निजी टैंकर पहुंचे अपर आयुक्त आशीष पाठक बुधवार को बफार्नी धाम स्थित हाईड्रेंट का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां दो ऐसे टैंकर मिले, जिन पर नगर निगम का नाम या कोई पोस्टर-बैनर नहीं लगा था। पूछताछ के दौरान संबंधित लोग संतोषजनक जवाब भी नहीं दे पाए। निगम के सभी टैंकरों पर नि:शुल्क जल वितरण लिखा होना अनिवार्य है। निजी रूप से पानी बेचने की आशंका के चलते अपर आयुक्त ने दोनों टैंकरों का एक महीने का भुगतान रोकने के निर्देश दिए। रात में निजी टैंकर भरे जा रहे थे निगम कर्मचारी अभिषेक नशे में थे और वहां रात में निजी टैंकर भरे जा रहे थे, जबकि रात 10 बजे बाद टैंकर नहीं भरे जाते हैं। बेटा वहां देखने गया था। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को भी जानकारी दी गई थी। अभिषेक ने अपशब्द कहे, जिसके बाद विवाद हुआ। - बालमुकुंद सोनी, पार्षद, वार्ड 31 भागीरथपुरा में दूषित पेयजल के कारण फैली बीमारी और मौतों के बाद नगर निगम चार महीनों से नई ड्रेनेज और पेयजल लाइन बिछाने का काम करवा रहा है। फरसी वाली गली में नई पेयजल लाइन डालने के लिए खुदाई की गई। खुदाई के दौरान गड्ढे में गंदा पानी भर गया। यह देखकर रहवासी फिर घबरा गए। रहवासियों का कहना है कि जिस क्षेत्र ने कुछ महीने पहले गंभीर जल संकट झेला हो, वहां इस तरह गंदा पानी निकलना सवाल खड़े करता है।

## श्वेत क्रांति : 10 साल में 3 गुना हुआ दूध उत्पादन, विदेशी गायों के मुकाबले देशी नस्ल के दूध देने की क्षमता 41 फीसदी बढ़ी

इंदौर। मध्य प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में श्वेत क्रांति की एक नई तस्वीर उभर रही है, जहां खूंटे पर बंधी देशी गायें अब दूध उत्पादन की रफ्तार में विदेशी नस्लों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। बीते एक दशक में राज्य का दूध उत्पादन तीन गुना से भी अधिक हो गया है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत गांव-गांव पहुंचे मुफ्त टीकाकरण, उन्नत खानपान और बेहतर पशु प्रबंधन का ही असर है कि 10 साल पहले जो देशी गाय रोजाना औसतन 2.8 किलो दूध देती थी, उसकी क्षमता अब बढ़कर करीब 4 किलो पहुंच गई है। बात यह है कि उत्पादन सुधार की यह गति विदेशी और क्रॉसब्रिड गायों के मुकाबले कहीं ज्यादा तेज है। पिछले दशक में जहां विदेशी नस्ल की गायों की क्षमता 15 प्रतिशत बढ़ी, वहीं देशी नस्ल ने 41 प्रतिशत की रिकॉर्ड ग्रोथ दर्ज की है। हालांकि, दूध की मात्रा के लिहाज से विदेशी गायें अब भी औसतन 9.20 किलो के साथ आगे बनी हुई हैं। वहीं भैंस का औसत दूध उपज 4.45 किग्रा/दिन से बढ़कर 5.28 किग्रा/दिन पर पहुंच गया है। पिछले 10 वर्षों में राज्य का कुल दूध उत्पादन 889.94 हजार टन से तीन गुना से भी अधिक बढ़कर 3054.45 हजार टन के पार पहुंच गया है। इस उपलब्धि के पीछे पशुधन की बढ़ती संख्या और बेहतर प्रबंधन है। 20वीं पशुधन गणना के अनुसार, प्रदेश में कुल गौवंश की संख्या अब 1.87 करोड़ हो गई है, जिसमें देशी गायों की आबादी 2012 के 1.06 करोड़ से बढ़कर अब 1.10 करोड़ पर पहुंच गई। इसी तरह भैंसों की संख्या भी बढ़कर 1.03 करोड़ दर्ज की गई है। हर रोज 10 लाख किलो से ज्यादा कलेक्शन: प्रदेश की डेयरी सहकारी समितियां हर दिन औसतन 10 लाख किलोग्राम से अधिक दूध का कलेक्शन कर रही हैं। इसका पैसा सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नकदी का लगातार प्रवाह बना हुआ है। सरकार अब 'श्वेत क्रांति 2.0' के जरिए अगले पांच वर्षों में दूध संग्रहण को 50 बढ़ाने की तैयारी में है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुनील कुमार यादव के लिए पंकज प्रिंटर एंड पैकेजिंग, 16-ए अल्फा इंडस्ट्रियल पार्क, ग्राम जाख्या, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) पिन-453555 - बी, सूर्यदेव नगर इंदौर कैट रोड हवा बंगला से प्रकाशित। प्रबंध सम्पादक : सुनील कुमार यादव (9630413449)
सम्पादक : भारत प्रसाद यादव, **Email : dainiksanyuktlaher@gmail.com** समाचार चयन के लिए पीआर एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) **RNI No. MPHIN/2023/90392**